दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 11 जनवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 280 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तिथि ज्यों ज्यों नजदीक आ रही है। विपक्ष के कुछ नेताओं की बेचैनी बढ़ती जा रही है। अयोध्या को लेकर इन विपक्षी पार्टियों के बड़ बोले नेता लगातार विवादास्पद बयान दे रहे हैं। श्रीरामचरितमानस पर पहले भी आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके समाजवादी पार्टी के सबसे बड़े बयानवीर नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने फिर एक बार विवादास्पद बयान दिया है और विवादित ढांचे को गिराने वाले राम भक्त कारसेवकों को अराजक तत्व करार दिया है। अपनी पार्टी की लुटिया डुबाने पर तुले ऐसे बयानवीरो को श्रीराम सद्बुद्धि दे।

कैबिनेट के दो अहम फैसले- प्रफुल्ल भारत होंगे नए महाधिवक्ता और रामलला के दर्शन करेगी प्रदेश की जनता

अयोध्या और काशी की यात्रा कराएगी सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश के लोगों को अयोध्या में राम लाल के दर्शन कराने का फैसला किया है। साथ ही काशी विश्वनाथ का भी दर्शन कराया जाएगा। वहीं प्रफुल्ल भारत छत्तीसगढ़ के नए महाधिवक्ता होंगे। इसका फैसला बुधवार को आयोजित चौथी कैबिनेट बैठक में किया गया है। कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि कैबिनेट की आज की बैठक में दो बड़े फैसले लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़वासियों को दी गई गारंटियों में से एक और गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश में श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बता दें कि धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को श्री रामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या ले जाने की घोषणा की गई है। जिसके परिपालन में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा तथा बजट पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

20 हजार यात्रियों को ले जाएगा अयोध्या

इस योजना के तहत हर साल लगभग 20 हजार यात्रियों को श्री रामलला दर्शन हेतु यात्रा पर ले जाया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी, 18 से 75 आयु वर्ग के जो जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में सक्षम पाए जाएंगे, उन्हें यात्रा की पात्रता होगी। दिव्यांगजनों के लिए यथा संभव उनके परिवार से कोई एक सदस्य साथ में रहेंगे। प्रथम चरण में 55 वर्ष से ऊपर के यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध होगी। इसके पश्चात अन्य आयु वर्ग के लोगों को भी यह सुविधा दी जाएगी।

रेल के माध्यम से पहुंचे गंतव्य तक

हितग्राहियों को उनके निवास से निर्धारित रेल्वे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हर जिले में बनाई जाएगी समिति

इसके लिए प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में श्री रामलला दर्शन समिति बनायी जाएगी। प्रत्येक समिति द्वारा अनुपातिक कोटा के अनुसार हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। इस यात्रा की दूरी लगभग 900 किलोमीटर होगी। इसके लिए भारतीय रेल्वे केटरिंग एवं टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के साथ छत्तीसगढ़ मण्डल द्वारा एमओयू किया जाएगा। आईआरसीटीसी द्वारा यात्रा के दौरान यात्रियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, स्थलों के दर्शन, स्थानीय परिवहन तथा एस्कार्ट की व्यवस्था की जाएगी।

भारत अगले 25 साल के लक्ष्य पर कर रहा काम : पीएम मोदी

गांधीनगर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात समिट के 10वें एडिशन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है। जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब तक हमने भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। यूएई के प्रेसिडेंट मोहम्मद बिन जायद कई अन्य वर्ल्ड लीडर्स और इंडस्ट्री लीडर्स के साथ चीफ गेस्ट के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हैं। वहीं मुकेश अंबानी, पंकज पटेल, गौतम अडाणी और लक्ष्मी मित्तल समेत देश-विदेश के दिग्गज कारोबारी समिट में शामिल हुए। पीएम मोदी ने कहा- इस कार्यक्रम में मेरे भाई, और यूएई के प्रेसिडेंट का होना खुशी की बात है। भारत और यूएई ने अपने रिश्तों को जो नई ऊंचाई दी है, उसका श्रेय मेरे दोस्त और यूएई के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद को जाता है। दोनों देशों के बीच कई बड़े समझौते हुए हैं। पोर्ट डेवलपमेंट के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। भारत की प्राथमिकता फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं जाएंगे सोनिया-खड़गे

नई दिल्ली (एजेंसी)। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने से कांग्रेस ने इनकार कर दिया है। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन समेत सभी कांग्रेस नेता इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस ने कहा है कि ये कार्यक्रम भाजपा ने राजनीतिक लाभ के लिए आयोजित किया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर एक लेटर शेयर किया है, जिसमें उसने राम मंदिर के उद्घाटन में न जाने के फैसले का कारण बताया है। इसमें कांग्रेस ने लिखा है कि धर्म निजी मामला है, लेकिन बीजेपी और आरएसएस ने मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को अपना इवेंट बना लिया है। इसे लेकर भाजपा नेता नलिन कोहली ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में राम मंदिर के लिए कोई कदम नहीं उठाया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस को नई उड़ान देने आज रायपुर पहुंचेंगे पायलट

रायपुर/नवप्रदेश। आज 11 जनवरी को छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के नए प्रदेश प्रभारी और राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट पहली बार प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं। बता दें कि कांग्रेस ने कुमारी सैलजा की जगह सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया है। वे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक लेंगे। बैठक में (कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कार्य. सदस्य, संयुक्त महामंत्री एवं सचिव), एआइसीसी के सभी सदस्य, विधायक, प्रत्याशी, जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित मोर्चा, संगठन, प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी और लोकसभा चुनाव पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में मौजूदा राजनीतिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा में प्रत्याशियों पर मंथन शुरू

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों पर मंथन शुरू कर दिया है। मोदी की गारंटी का नैरेटिव सेट कर रही पार्टी जीत पक्की करने के लिहाज से उन 48 लोकसभा सीटों पर कद्दावर नेताओं को उतारने की योजना बना रही है, जहां पिछली बार जीत-हार का अंतर 2 प्रतिशत से कम रहा था। भाजपा जिन सीटों पर 35-52 प्रतिशत से ज्यादा के अंतर से जीती थी, वहां नए प्रत्याशियों को मौका दिया जाएगा। पिछले चुनाव में 0.2 से 1.91 प्रतिशत तक कुल 48 लोकसभा सीटों पर पार्टी की हार-जीत हुई थी। इनमें 10 उत्तर प्रदेश से है, जहां भाजपा जीती थी। 48 में से 27 सीटें ऐसी थीं, जहां प्रत्याशी 1 प्रतिशत से कम अंतर से चुनाव जीते थे। जबकि जिन 50 सीटों पर जीत का अंतर 35 प्रतिशत से अधिक रहा, उनमें ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रवि उप्पल को भारत लाने ईडी का आवेदन स्वीकार

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव सट्टा एप के प्रमोटर में रवि उप्पल को भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। ईडी ने उप्पल को दुबई से भारत लाने के लिए रायपुर की स्पेशल कोर्ट ने आवेदन लगाया जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए दुबई के कोर्ट को प्रत्यर्पण के तहत आग्रह पत्र जारी किया है। अब यह पत्र भारत दूतावास के जरिए यूएई दूतावास भेजा जाएगा। रवि उप्पल इस समय दुबई की जेल में ईडी के मामले में इंटरपोल द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस की वजह से हिरासत में है।

पूर्व सीएम भूपेश के पिता नंदकुमार पंचत्व में विलीन, छोटे बेटे ने दी मुखाग्नि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल का गृह ग्राम कुरुदडीह में बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। उनके छोटे बेटे हितेश बघेल ने पिता को मुखाग्नि दी। गांव के तालाब के किनारे अंतिम संस्कार के दौरान छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बता दें कि 8 जनवरी को नंदकुमार बघेल का निधन हो गया था। नंदकुमार बघेल का 89 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। सोमवार सुबह 6 बजे रायपुर के बालाजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे पिछले 3 महीने से बीमार चल रहे थे। नंदकुमार बघेल को ब्रेन और स्पाइन से संबंधित पुरानी बीमारी थी। नंदकुमार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मणिपुर से मंजूरी नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत 14 जनवरी को मणिपुर के जिस ग्राउंड से होनी है, उसे मणिपुर सरकार ने मंजूरी नहीं दी है। 10 जनवरी को राज्य के कांग्रेस चीफ केशम मेघचंद्रा ने सीएम एन बीरेन से मुलाकात की और उनसे इस यात्रा को इंफाल के पैलेस ग्राउंस से शुरू करने की अनुमति देने की गुजारिश की, लेकिन मुख्यमंत्री नहीं माने। केशम ने मीडिया को बताया कि उन्होंने सीएम को मनाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं मना पाए। उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री को बताया कि हम इस यात्रा के दौरान कांग्रेस का झंडा नहीं फहराएंगे, न ही ये यात्रा राजनीतिक होगी। इसके बावजूद सीएम का इनकार करना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब हम इस यात्रा को थोउबल जिले में प्राइवेट प्रॉपर्टी से शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। इससे पहले, सीएम बीरेन सिंह ने मंगलवार (9 जनवरी) को कहा था कि कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को अनुमति देने पर सक्रियता से विचार चल रहा है। सुरक्षा एजेंसियों से रिपोर्ट मिलने के बाद इस पर फैसला लिया जाएगा। तब वेणुगोपाल ने कहा था कि ये राजनीतिक यात्रा नहीं है, इसलिए सरकार को इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईएएस सुनील जैन बनाए गए खनिज विकास निगम एमडी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कैडर के 2009 बैच के आईएएस सुनील कुमार जैन को प्रबंध संचालक खनिज विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं आईपीएस जितेंद्र सिंह मीणा को सीबीआई दिल्ली में डीआईजी बनाया गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें भारमुक्त कर दिया है। इसके अलावा आईपीएस शशि मोहन सिंह को एसपी बस्तर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शशि मोहन वर्तमान में सेनानी 5वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सुरक्षा बल जगदलपुर में तैनात हैं। अब उन्हें बस्तर जिले का प्रभारी पुलिस अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग ने तीन मंत्रियों के सचिव, सहायक और ओएसडी की नियुक्ति की है। मनोज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

महाराष्ट्र का महासंग्राम... शिंदे ही रहेंगे सीएम, 16 विधायकों की सदस्यता बरकरार

महाराष्ट्र में बच गई शिंदे सरकार... उद्धव गुट की याचिका को स्पीकर ने किया खारिज

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने उनके समेत गुट के 16 विधायकों को अयोग्य करार देने से मना कर दिया। 1200 पेजों के फैसले के मुख्य बिंदुओं को सुनाते हुए उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास शिवसेना के 55 में से 37 विधायक हैं। उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है। चुनाव आयोग ने भी यही फैसला दिया था। स्पीकर ने सीएम एकनाथ शिंदे समेत 16 शिवसेना विधायकों को अयोग्य ठहराने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उन्हें अयोग्य ठहराने का कोई वैध आधार नहीं है। एकनाथ शिंदे ही शिवसेना और पार्टी के असली नेता हैं। स्पीकर ने कहा- ये साफ है कि सुनील प्रभु को जब चीफ व्हिप न्युक्त किया गया था, तब पार्टी का विभाजन हो चुका था। चुनाव आयोग ने इसी गुट को असली शिवसेना माना है, इसलिए चीफ व्हिप के रूप में भरत गोगावले की नियुक्ति सही है। सुनील प्रभू को विधायक दल की बैठक बुलाने का अधिकार नहीं था। स्पीकर के फैसला सुनाते ही शिंदे गुट के विधायकों के चेहरे पर खुशी छा गई। सांसद राहुल शेवाले ने फैसले पर खुशी जताई है।

शिवसेना का 1999 का संविधान की सर्वोपरि

16 विधायकों की अयोग्यता पर फैसला सुनाते हुए विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि शिवसेना का 1999 का संविधान की सर्वोपरि है। हम उनका 2018 का संशोधित संविधान स्वीकार नहीं कर सकते। यह संसोधन चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में नहीं है। उन्होंने इस दौरान शिवसेना के संगठन में चुनाव का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि साल 2018 में संगठन में चुनाव नहीं है। हमें 2018 के संगठन नेतृत्व को भी ध्यान में रखना होगा। उन्होंने कहा कि मेरे पास सीमित मुद्दा है और वह यह है कि असली शिवसेना कौन है। दोनों ही गुट अपने असली होने का दावा कर रहे हैं।

18 महीने पहले 39 विधायकों ने की थी बगावत

बता दें कि, करीब 18 महीने पहले शिंदे समेत 39 विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी, जिसकी वजह से 57 साल पुरानी पार्टी शिवसेना में विभाजन हो गया था और महाविकास अघाड़ी सरकार गिर गई थी। इस घटना के बाद दोनों गुटों ने एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की थीं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर को इस पर निर्णय लेने के आदेश दिए थे।

दैनिक **नव प्रदेश**
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रोम रोम में बसने वाले राम...
जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

पहली बार श्रीकृष्ण जन्मभूमि के भागवत -भवन में होंगे सियाराम रूप के दर्शन

मथुरा। श्रीअयोध्या धाम में आयोजित भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अद्भुद एवं पुण्य दिवस पर श्रीकृष्ण-जन्मभूमि पर श्रीराम महोत्सव को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर विराजमान भगवान श्रीकेशवदेव जी महाराज इस ऐतिहासिक दिवस पर श्रीराम रूप धारण कर भक्तों को दर्शन देंगे। ब्रज के कारीगर इस अद्भुत श्रंगार के निर्माण में लगे हुऐ हैं। प्रथमवार भागवत भवन में विराजित ठाकुरजी श्रीराधा श्रीकृष्ण युगल सरकार की छवि में होंगे सियाराम के दर्शन ।

जन्मस्थान मंदिरों के भीतरी भाग को पत्र, पुश्प एवं अन्य परंपरागत दिव्य सामग्री से सजाया जायेगा। भागवत-भवन के आतंरिक भाग में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के स्वरूप में फूल बंगला का निर्माण होगा। इसके अलावा भागवत-भवन के चारों ओर केसरिया ध्वजा एवं भगवान श्रीराम की दिव्य छवि लगायी जायेंगी। । संस्थान का प्रयास है कि ऐसे चिर-प्रतीक्षित दिवस पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि की छठा अद्भुद और निराली हो एवं सज्जा करते समय यह प्रयास किया जायेगा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की झलक दिखायी दे। श्रीरामलला के भोग के लिए लड्डू गोपाल की जन्मभूमि से दिव्य लड्डूओं का भोग श्रीअयोध्या धाम जायेगा। लड्डूओं के निर्माण में विषिश्ट मेवा, केसर एवं ऋतु के अनुकूल सामग्री का प्रयोग किया जायेगा।

लड्डू भोग मकर संक्रान्ति को श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सुसज्जित वाहन में श्रीअयोध्या धाम जायेंगे।

अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर जन्मभूमि पर श्रीरामचरित मानस का नवान्ह पारायण पाठ का आयोजन किया जायेगा जो 14 जनवरी को प्रारम्भ होकर भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा दिवस (22 जनवरी) की बेला में पूर्ण होगा।

इस दिव्य महोत्सव में प्रातः 9:00 बजे से खीर, हलुआ, पूड़ी प्रसाद वितरण के साथ हो जायेगा और यह प्रसादी-भण्डारा ठाकुरजी के शयन दर्शन तक भक्तों को अनवरत रूप से प्राप्त होगा।

श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा के अनुसार दोपहर 2 बजे से दिव्य भजन-गायन का आयोजन जन्मभूमि के पवित्र लीला मंच पर होगा। ब्रज के सुप्रसिद्ध भजन-गायक जगदीश ब्रजवासी विषेश रूप भगवान श्रीराम के मगंल गीता का गायन करेंगे। 16 जनवरी से 23 जनवरी तक संपूर्ण जन्मस्थान परिसर में रामधुन का प्रसारण होगा। सायं काल 5 बजे से संपूर्ण मंदिर परिसर में विशाल दीपदान का आयोजन किया जायेगा। दीपदान को भव्य और दिव्य बनाने के लिए जन्मस्थान लीलामंच प्रांगण श्रीकेशवदेवजी मंदिर श्रीगिरिराज जी मंदिर प्रांगण में भव्य रंगोली बनायी जायेंगी एवं रंगोली के मध्य अद्भुद दीपदान का कार्यक्रम होगा। श्रद्धालु श्रीअयोध्या धाम में आयोजित होने वाले दिव्य अलौकिक एवं ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दर्शन जन्मभूमि पर बड़ी स्क्रीन पर कर सकेंगे।

108 फीट लंबी धूप बत्ती से महकेगा राम मंदिर का परिसर

आगरा। योगी सरकार अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने में जुटी हुई है। इसको लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। श्रीराम मंदिर को महकाने के लिए गुजरात के वडोदरा से 108 फीट लंबी धूप बत्ती अयोध्या ले जाई जा रही है। भरतपुर से होते हुए आगरा के फतेहपुर सीकरी और किरावली पर यह धूपबत्ती पहुंची। इसके पहुंचते ही सैकड़ों की संख्या में लोग हाईवे पर पहुंच गए और धूपबत्ती को देखकर जय श्री राम के नारे लगाने लगे।

वडोदरा से शुरू हुआ सफर धूपबत्ती की शोभायात्रा में बदल गया है। सोमवार को राजस्थान के भरतपुर होते हुए यह करवा आगरा के फतेहपुर सीकरी और किरावली पर पहुंची। 3610 किलो वजन की 108 फुट लंबी और करीब साढ़े तीन फीट चौड़ी धूपबत्ती को देखने के लिए भारी संख्या में लोग जुट गए। लोगों ने धूपबत्ती का फूल बरसा कर स्वागत किया। छह महीने में यह बनकर तैयार हुई धूपबत्ती वड़ोदरा में तैयार की गई है। इस विशेष धूपबत्ती को बनाने में अनेक तरह की जड़ी बूटियां का प्रयोग किया गया है। यह धूपबत्ती करीब डेढ़ महीने तक अनवरत चलेगी। करीब 50 किलोमीटर क्षेत्र में अपनी खुशबू फैलाएगी।

धूपबत्ती का निर्माण करने वाले गुजरात निवासी बिहाभरबाड़ ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसमें भेंट करने के लिए इस धूपबत्ती का निर्माण किया गया है। इसे तैयार करने में देसी गाय का गोबर, देसी गाय का घी, धूप सामग्री सहित अनेक प्रकार की जड़ी बूटियां का इस्तेमाल किया गया हैं। इस धूपबत्ती का उपयोग किया जाएगा तो करीब डेढ़ महीने तक यह जलती रहेगी और 50 किलोमीटर क्षेत्र में अपनी खुशबू फैलाएगी।

प्राण प्रतिष्ठा : 2121 कुंडीय महायज्ञ में आहुति डालेंगे श्रीराम के वंशज, शामिल होंगे नेपाल के 21 हजार पंडित

अयोध्या। श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में उत्सव व धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रहेगी। सरयू तट पर 2121 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ होगा। इसमें श्रीराम के वंशज कहे जाने वाले लगभग 10,000 रघुवंशी विभिन्न राज्यों से आकर आहुति डालेंगे। इस आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए करीब एक माह से सरयू तट पर 60 एकड़ भूमि में हवन कुंड व टेंट सिटी बन रही है।

अगस्त, 2019 में श्रीराम मंदिर मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में यह प्रश्न उभरा कि श्रीराम के वंशज कहां हैं? उस समय जयपुर राज परिवार की पूर्व राजकुमारी दीया कुमारी समेत कई पक्षों ने श्रीराम के पुत्र कुश व लव तक वंशावली जोड़कर स्वयं के राम के वंशज होने का दावा किया। यह मामला सार्वजनिक होने पर रघुवंशी समाज से जुड़े मध्य प्रदेश के कनक बिहारी दास ने अयोध्या में श्रीराम के वंशजों को एकजुट कराने के मकसद से 9009 कुंडीय महायज्ञ कराने का ऐलान किया। मणिराम दास छावनी के

महंत नृत्यगोपाल दास ने उन्हें यज्ञ सम्राट की उपाधि से भी नवाजा था। यह संकल्प देश के सात राज्यों में प्रसारित हुआ तो इसी बीच वह गोलोक सिधार गए। अब इस संकल्प को पूरा करने के लिए उनके शिष्यों ने बीड़ा उठाया है। मध्य प्रदेश के अखंड रघुवंशी समाज कल्याण महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर सिंह रघुवंशी ने बताया कि अभी 2121 कुंडीय महायज्ञ सरयू तट पर 10 से 18 फरवरी तक होगी। इसमें संगठन के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार व हिमाचल प्रदेश में फैले रघुवंशी समाज के लोग शामिल होंगे। नौ यजमानों का शुद्धीकरण होगा। यज्ञ कराने के लिए बनारस से एक प्रधान आचार्य व 1,000 सहायक आचार्यों को आमंत्रित किया गया है। इसी परिसर में बने टेंट सिटी में लोग निवास करेंगे। महायज्ञ में देश के संत-महंत व राजनीतिक लोग भी शामिल होंगे।

जलेसर से अयोध्या पहुंचा 2400 किलो वजनी घंटा

घुंघरु की नगरी एटा के जलेसर में निर्मित 2400 किलो वजनी घंटा मंगलवार को अयोध्या पहुंचा। घंटे को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया गया है। यह घंटा नवनिर्मित राममंदिर में लगाया जाएगा। सावित्री ट्रेडर्स के मालिक आदित्य मित्तल व प्रशांत मित्तल की ओर से बनवाए गए घंटे की लागत 25 लाख रुपये है। विशेष रथ पर घंटा मंगलवार की देर शाम अयोध्या पहुंचा है। घंटा अष्टधातु का है, जिसमें पीतल, कांस्य, तांबा, एल्मूनियम, लोहा, स्वर्ण, चांदी और जस्ता शामिल है। 2400 किलो का घंटा बनाने में एक दिन लगे। इस काम में 70 श्रमिक लगाए गए थे। रास्ते में जगह-जगह रथयात्रा पर पुष्पवर्षा की गई, हजारों लोगों ने रास्ते में इसका दर्शन किया। वहीं बंगलुरू से पांच फीट की एक अगरबत्ती व हवन सामग्री भी अयोध्या पहुंची है।

महायज्ञ में शामिल होंगे नेपाल के 21 हजार पंडित

सरयू तट पर 14 से 25 जनवरी तक श्रीरामनाम महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह वृहद अनुष्ठान संत आत्मानंद दास महात्यागी नेपाली बाबा के संयोजन में हो रहा है। इसके लिए 1008 नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना की जाएगी इसके लिए 1008 कुटी भी बनाई गई है। यहां 11 मंजिल का यज्ञ मंडप बनाया गया है, इसमें 100 कुंड है। यज्ञ में नेपाल के 21 हजार पंडित शामिल होंगे। 17 से रामायण के 24 हजार श्लोकों से हवन शुरू होगा,जो 25 जनवरी तक चलेगा। नेपाली बाबा ने बताया कि हर दिन 50 हजार श्रद्धालुओं के रुकने का इंतजाम किया जा रहा है। इसके साथ ही हर दिन करीब एक लाख श्रद्धालु यहां भोजन करेंगे।

श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 'राष्ट्रीय उत्सव', 22 जनवरी को शिक्षण संस्थाओं में अवकाश : मुख्यमंत्री

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में बहुप्रतीक्षित श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से आम जनमानस के भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए *22 जनवरी को प्रदेश में शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए हैं*। इस विशिष्ट अवसर को राष्ट्रीय उत्सव' की संज्ञा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि 22 जनवरी को प्रदेश में मदिरा आदि की दुकानें बंद रखी जाएं। मंगलवार को अयोध्या दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन-पूजन के उपरांत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मकर संक्रांति के बाद प्रारंभ हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के वैदिक अनुष्ठानों की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री न समारोह की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं में तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सभी आवश्यक सहयोग के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद, आयुक्त सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आ रहे गणमान्य जनों को अयोध्या में बेहतर आतिथ्य प्राप्त होना चाहिए। हर एक वीवीआईपी के विश्राम स्थल का चयन पूर्व में ही कर लिया जाए। मौसम के दृष्टिगत संभव है कि कुछ अतिथि एक-दो दिन पहले ही आ जाएं, ऐसे में उनके रुकने की बेहतर व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में होटल और धर्मशालाएं हैं। होम स्टे की व्यवस्था भी है। टेंट सिटी की संख्या और बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। कुंभ की तर्ज पर अयोध्या में 25-50 एकड़ में एक भव्य टेंट सिटी तैयार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी के उपरांत अयोध्या में दुनिया भर से रामभक्तों का आगमन होगा। उनकी सुविधा के लिए पूरे नगर में विभिन्न भाषाओं में साइनेज लगाए जाएं। संविधान की 08वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं और संयुक्त राष्ट्र की 06 भाषाओं में साईनेज हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि आतिथ्य-सत्कार में स्वच्छता एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। इसमें जनसहयोग लें। धर्म पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ जैसे प्रमुख मार्गों अथवा गलियों में धूल न उड़े, गंदगी न हो। जगह-जगह कूड़ेदान रखे हों। वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था हो। अभी 3800 से अधिक स्वच्छताकर्मी तैनात हैं, 1500 कर्मचारियों की संख्या और बढाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या प्रतिबंधित पॉलीथिन मुक्त नगर हो, इसके लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। 14 जनवरी से नगर में स्वच्छता विषयक विशेष अभियान चलाएं। नगर में कहीं भी गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम करोड़ों सभी सनातन आस्थावानों के लिए हर्ष-उल्लास, गौरव और आत्मसंतोष का अवसर है। पूरा देश राममय है। 22 जनवरी को सायंकाल हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। हर सनातन आस्थावान अपने घरों/प्रतिष्ठानों में रामज्योति प्रज्ज्वलित कर रामलला का स्वागत करेगा। सभी सरकारी भवनों की साज-सज्जा कराई जाए। सायंकाल आतिशबाजी के भी प्रबंध हों। उन्होने कहा कि धर्म पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ की थीम आधारित सजावट कराएं। यह उत्सव, आनंद का ऐतिहासिक अवसर है। ऐसे प्रयास करें कि हर आगंतुक/श्रद्धालु/पर्यटक यहां से सुखद अनुभव लेकर जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी टेंट सिटी में 10-10 बेडेड का स्वास्थ्य केंद्र तैयार कराएं। इसमें सामाजिक, सांस्कृतिक संगठन भी सहयोग के लिए उत्सुक हैं। यहां एम्बुलेंस की तैनाती हो। विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों को अयोध्या ने तैनात करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि टेंट सिटी की व्यवस्थाओं का आज मैने अवलोकन किया है। यहां अच्छी व्यवस्था है। साफ सफाई का ध्यान रखें।

यहां ठहरने वालों को गर्म पानी मिले। टेंट सिटी में खाद्यान्न की उपलब्धता बनी रहे, इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग तथा मंडी परिषद द्वारा आवश्यक व्यवस्था की जाए। उन्होने कहा कि रैन बसेरे को और व्यवस्थित करें। कई स्थानों पर इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान होंगे विभिन्न कार्यक्रम

- प्रदेश भर में 5 करोड़ घरों में जलेंगे दीप
- रामचरण पादुका यात्रा निकाली जाएगी
- अयोध्या को लेकर आरएसएस का मेगा प्लान
- अयोध्या को लेकर आरएसएस का मेगा प्लान
- विद्वानों के नेतृत्व में सभी घाटों पर सामूहिक सरजू आरती का आयोजन
- अकेले अयोध्या से 50000 करोड रुपए से की अधिक की होगी आय
- लगभग 1200 मंदिरों में भजन कीर्तन रामायण पाठ का होगा आयोजन
- राम के संदेश को घर घर ले जाने की तैयारी में आरएसएस
- 24 मार्च तक 2.5 करोड़ श्रद्धालुओं को अयोध्या में रामलला का दर्शन कराने की योजना
- सामूहिक शंख वादन कर एक विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा
- 24 मार्च तक ढाई करोड़ श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन करवाएगा संघ
- 26-27 जनवरी से शुरू हो जाएगी दर्शन कराने की प्रक्रिया
- देश भर में संघ के 45 प्रांतों से आयेंगे श्रद्धालु
- आरएसएस के स्वयंसेवक इनके आने जाने ठहरने और पूजन का पूरा प्रबंध करेंगे

'रामनगरी में टूटेगा सऊदी अरब का वर्ल्ड रिकॉर्ड',योगी सरकार बना रही दुनिया की सबसे बड़ी 'सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लाइन

■ **गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अयोध्या का नाम होगा दर्ज**

अयोध्या। सूर्यवंश की गौरवशाली राजधानी अब सूर्य की ही आभा से नव्य-भव्य स्वरूप को प्राप्त करने के साथ ही वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। अयोध्या को सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार जिस सोलर सिटी के मॉडल के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है, उसका जल्द ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी उल्लेख होने वाला है। सीएम योगी के दिशा-निर्देशन में बनी विशिष्ट कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) जल्द ही 'दुनिया की सबसे बड़ी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लाइन' परियोजना को पूर्ण करके वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रहा है। इस परियोजना के तहत 10.15 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लगाकर यूपीनेडा अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही है। फिलहाल, करीब 70 प्रतिशत कार्यो को पूर्ण कर लिया गया है और 22 जनवरी से पहले ही निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करके वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर लिया जाएगा।

जल्द ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में फिर से अयोध्या का नाम होगा दर्ज

अयोध्या का नाम यूं तो

दीपोत्सव को लेकर पहले ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, मगर अब अयोध्या में सौर ऊर्जा के जरिए भी वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी योगी सरकार द्वारा पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी (अयोध्या) प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि 22 जनवरी के पहले ही अयोध्या में लक्ष्मण घाट से लेकर गुप्तार घाट होते हुए निर्मली कुंड तक 10.2 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है और शेष 30 प्रतिशत कार्य भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत लक्ष्मण घाट से गुप्तार घाट तक 310 सोलर लाइट्स को इम्पैनल्ड करके रोलआउट कर दिया गया है। जबकि गुप्तारघाट से लेकर निर्मली कुंड तक 1.85 किमी के स्ट्रेच में 160 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटों को लगाने का कार्य जारी है। यह सभी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटें एलईडी बेस्ड हैं जो कि 4.4 वॉट पावर पर कार्य करती हैं तथा स्मार्ट टेक्नोलॉजी युक्त हैं। इनके इंस्टॉलेशन के जरिए लक्ष्मण घाट से लेकर निर्मली कुंड तक 10.2 किमी का स्ट्रेच दूधिया रोशनी से जगमगा उठेगा।

सऊदी अरब के मलहम का टूटेगा रिकॉर्ड

योगी सरकार द्वारा सौर ऊर्जा चालित परियोजना के जरिए जिस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की प्रक्रिया के तहत कार्य जारी है वह फिलहाल सऊरी अरब के मलहम के नाम दर्ज है। यहां वर्ष 2021 में 'लॉन्गेस्ट लाइन ऑफ द सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स' के तौर पर गिनीज बुक में रिकॉर्ड कायम किया गया था। मलहम में 9.7 किमी स्ट्रेच में 468 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर वैश्विक कीर्तिमान स्थापित किया गया था, जबकि अब योगी सरकार के विजन अनुसार अयोध्या में 10.2 किमी स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर इस रिकॉर्ड को ध्वस्त किया जाएगा।

दीपोत्सव के बाद अब नया रिकॉर्ड बनाने पर हो रहा काम

वर्ष 2023 में दीपावली के वक्त सरयू घाटों पर दीपोत्सव में अवध विश्वविद्यालय के 25000 वॉलेंटियरों ने मिलकर 22.23 लाख दीपक जलाकर गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाई थी। ऐसे में, 22 जनवरी को जब प्रभु रामलला का श्रीविग्रह भव्य रामजन्मभूमि मंदिर में सुशोभित होगा, ऐसे में एक बार फिर सूर्यवंश की गौरवगाथा को नया प्रतिमान देते हुए सोलर पावर्ड स्ट्रीट्स लाइट्स की सबसे लंबी श्रृंखला को अयोध्या में संचालित करके इस उपलब्धि को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अंकित किया जाएगा। इस विषय में स्थानीय प्रशासन व यूपीनेडा के अधिकारियों व गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के पदाधिकारियों के बीच भी संवाद की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

न्यूज गैलरी

वाहन में लगाई आग, लाखों का सामान जलकर खाक

रायपुर/नवप्रदेश। कर्मा चौक रामनगर में अज्ञात व्यक्ति ने टाटा एस वाहन में आग लगा दी। जिससे उसमें लोड सामान जलकर खाक हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोलूराम ध्रुव 32 वर्ष सीतलापारा रामनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी 04 एचपी 8144 में सामान लोड कर कर्मा चौक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसमें आग लगा दिया। जिससे वाहन के साथ-साथ उसमें लोड सामान प्रोजेक्टर, स्क्रीन व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। जिससे प्रार्थी को करीब 4 लाख 78 हजार 638 रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 435 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। रावतपुरा कालोनी फेस 1 टिकरापारा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी रकम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुरेश तांडी 62 वर्ष रावतपुरा कालोनी फेस 1 का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर व नकदी रकम पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 95 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गार्डन के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। दलदल सिवनी स्थित इंद्रा स्मृति गार्डन के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश्वर प्रसाद ध्रुव 25 वर्ष द्वारिका विहार दलदल सिवनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 के 9536 को इंद्रा स्मृति गार्डन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरला पुलिस ने सिंघानिया चौक के पास अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 67 पाव देशी शराब जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिंघानिया चौक के पास आरोपी राजेश निषाद 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 67 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरकारी सहयोग के अभाव में गरीबों की थाली पर पड़ा असर

अन्नपूर्णा दालभात सेंटर ने तोड़ा दम

■ **कांग्रेस ने नहीं दी मदद, अब संचालकों को डबल इंजन की सरकार से उम्मीदें**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अन्नपूर्णा दालभात सेंटर वालों ने डबल इंजिन सरकार से संघ ने मदद की गुहार लगाई है। संचालक संघ का कहना है कि योजना को कांग्रेस शासनकाल में मदद नहीं मिली और अब संचालकों को बीजेपी शासन से उम्मीद है। वर्तमान में रायपुर रेलवे स्टेशन और जेल परिसर में जनसहयोग से सरकारी योजना को चलाना पड़ रहा है। देशभर में यह योजना खासी सराही गई थी। इसके तहत सस्ते में ताजा और गरमा गरम भोजन जरूरतमंदों को परोसा जाता था। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में इस योजना के तहत दालभात सेंटरों को सस्ते में राशन भी उपलब्ध करवाया जाता था। रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई अन्य जिलों में अब बिना सरकारी मदद के दालभात संचालक जनसहयोग से इसे चला रहे हैं। दालभात सेंटर संचालक संघ के अध्यक्ष मोहन चोपड़ा और सचिव अशोक यदु ने नवप्रदेश को बताया कि कांग्रेस शासनकाल में दालभात संचालक संघ को महज दलगत राजनीति के चलते आभाव ग्रस्त बना दिया गया है। अब सत्ता परिवर्तन के बाद बीजेपी शासन आने से संघ की उम्मीदें जगी हैं। ताकि भूखों, गरीबों और निराश्रितों समेत कई जरूरतमंदों के लिए भोजन प्राप्ति की यह संवेदनशील योजना चलती रहेंगी।

केंद्र ने कोटा रोका तो राज्य ने भी मुंह मोड़ा

रायपुर में 11 और प्रदेश भर में 128 दाल भात केंद्र संचालित थे। जो 2004 में अन्नपूर्णा दाल भात योजना के तहत शुरू की गई थी। अभाव और मदद नहीं मिलने से ज्यादातर बंद हैं। जिसके अंतर्गत गरीबों को 5 रुपए में दाल-भात मिलता था। 1 अप्रैल 2022 से यह केंद्र और राज्य सरकार के इंकार के बाद पूरी तरीके से मदद विहीन हो गया। ज्ञात हो कि केंद्र की इस योजना से राज्य भर में हर दिन15 हजार से ज्यादा लोग इसका लाभ लेते थे। जिसमें खाने का रेट 10 रुपए कर दिया गया था।

5 रूपए की थाली की कीमत हुई ज्यादा

छत्तीसगढ़ दालभात संचालक संघ के सचिव अशोक यदु ने अपनी व्यथा जाहिर करते हुए बोले, योजना की शुरुआत में दाल, चांवल और कई तरह की मदद मिलती थी। इसलिए थाली की कीमत भी महज 5 रूपये थी, लेकिन सरकारी राशन और अन्य जरूरतों की पूर्ति रुकने से हम लोगों के सहयोग से जैसे-तैसे इसे संचालित कर रहे हैं। बाजार भाव से राशन खरीदने और ईंधन आदि का व्यय बढ़ने से मजबूरन ज्यादा पैसा लेना पद रहा है।

डबल इंजन सरकार से संघ ने लगाई गुहार

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना दाल भात केंद्र अप्रैल से राज्यभर में बंद होने जा रहा है। बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार अब राज्य सरकार को दाल भात केंद्र के लिए सस्ता चावल देना बंद कर दी। ऐसे में केंद्र और राज्य में डबल इंजिन की सरकार है। इसलिए दालभात संचालक संघ ने पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम विष्णुदेव साय से पुनः इस लोकहितकारी योजना को शुरू करने की अपील किया है।

राजधानी का गढ़कलेवा अब और भी आकर्षक बनेगा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी व्यंजन के लिए मशहूर राजधानी का गढ़कलेवा अब और अधिक आकर्षक और सुविधायुक्त बनेगा। आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम गढ़कलेवा पहुंचकर जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही अन्य प्रदेशों के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। छत्तीसगढ़ी खान-पान से उन्हें परिचित कराने के लिए यहां और सुविधाएं बढ़ाई जाए।

उन्होंने कहा कि गढ़कलेवा परिसर में साफ-सफाई के साथ-साथ आकर्षक कलाकृतियों से सजावट की जाए। आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने गढ़कलेवा में आम नागरिकों, युवाओं और प्रबुद्धजनों के साथ चिला, फरा, लाई के लड्डू, ठेठरी, खुरमी सहित अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का आनंद लिया। मंत्री श्री नेताम ने अलग-अलग स्टालों में जाकर तैयार हो रहे व्यंजनों की जानकारी ली। उन्होंने गढ़कलेवा के प्रबंधकों सहित कर्मचारियों, दीदियों से चर्चा कर यहां बिक्री होने वाले व्यंजनों के बारे पूछा। उन्होंने गढ़कलेवा को आकर्षक बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। नेताम ने गढ़कलेवा संचालित कर रहे स्व-सहायता समूह के प्रबंधकों से कहा कि नाश्ता और खाना में दोना-पत्तल का इस्तेमाल किया जाए। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने गढ़कलेवा परिसर में ऐतिहासिक कलाकृतियों को स्थापित कर गढ़कलेवा को और खुबसूरत बनाने पर जोर दिया।

डबल इंजन की सरकार अडानी के लिये कर रही काम : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि 14 जनवरी से न्याय यात्रा शुरू हो रही है। मणीपुर से लेकर मुम्बई तक और छत्तीसगढ़ में भी लगभग 536 से अधिक किलोमीटर होकर गुजरेगी। रायगढ़ से होकर 7 जिलो सरगुजा तक न्याय यात्रा जायेगी। कांग्रेस पार्टी ने न्याय यात्रा की जोर शोर से तैयारी शुरू कर दी गयी है। 11 जनवरी को नव नियुक्त प्रभारी सचिन पायलट रायपुर आ रहे है और न्याय यात्रा के बारे में चर्चा करेंगे और न्याय यात्रा के स्वागत को अंतिम रूप देंगे। हमने आदिवासी मुख्यमंत्री बनने के बाद मीडिया के माध्यम से बधाई दिया था।

भाजपा आदिवासी मुख्यमंत्री की सबसे बड़ा यह चुनौती है जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा बचाने का। देश में केन्द्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक 2 उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिये डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से एक साथ मिलकर काम कर रही है। आदिवासी मुख्यमंत्री बने 1 महिने से ज्यादा हो गये लेकिन सबसे ज्यादा हमला आदिवासियों के ऊपर हुआ है। हसदेव वनों की कटाई।

जनवरी 2018 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ग्राम सभा आयोजित किया गया था। वहां के आदिवासी पीड़ित थे। वहां माहौल बनाकर कोई भी आदिवासी को जेल भेज दो, अंदर कर दो, रातो-रात उठाकर ले जाओ यह फर्जी ग्रामसभा हुयी है। यह ग्रामसभा भाजपा की सरकार में ग्रामसभा हुयी है। वहां के निवासियों की एक ही मांग है फर्जी ग्रामसभा की जांच करवाई जाये। जब नंदराज पहाड़ में हजारो आदिवासी हड़ताल कर फर्जी ग्रामसभा का मांग कर उनको जांच करा कर उस ग्रामसभा सही पाया जाता है तो हसदेव पर क्यों नहीं। प्रदेश के मुख्यमंत्री आदिवासी, वनमंत्री आदिवासी और उसके बाद आदिवासी को न्याय नहीं मिलेगा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में इससे बड़ा दुर्भाग्य की बात क्या होगा?

22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश देने बृजमोहन ने मुख्यमंत्री से की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जोर-शोर से तैयारी चल रही है। इस दिन देश में दिवाली जैसा माहौल रहेगा। ऐसे में अब इस दिन सार्वजनिक अवकाश की मांग हो रही है। छत्तीसगढ़ के धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भी प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग मुख्यमंत्री विष्णदेव साय से की है। उन्होंने सीएम को पत्र लिखकर स्कूल-कॉलेजों को भी बंद रखने की अपील की है। मुख्यमंत्री को भेजे मांग पत्र में बृजमोहन की ओर से लिखा गया है कि मर्यादा पुरुषेत्तम प्रभु राम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। 22 जनवरी को उनकी जन्मस्थली अध्योध्य में निर्मित श्रीराम मंदिर का लोकार्पण एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित हो रहा है। जिले लेकर दुनिया भर में सनातनी हिंदू धर्मावलंबी हर्षित हैं।

ड्राइवरों की हड़ताल को छत्तीसगढ़ सरकार ने बताया अफवाह

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने हिट एंड रन के नए नियमों को वापस ले लिया है, इसके बावजूद छत्तीसगढ़ के कुछ संगठनों ने बुधवार को एक बार फिर यातायात सुविधा बाधित करने के साथ ही गाड़ियों के परिचालन से इन्कार कर दिया है। हालांकि इसका कोई असर नहीं देखा गया। इधर, छत्तीसगढ़ सरकार ने हिट एंड रन मामले पर कहा कि केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून को अभी लागू नहीं किया गया है। अभी पुराना कानून ही लागू है। कतिपय स्वार्थी तत्वों के द्वारा फेक लेटर्स के माध्यम से गलत जानकारी देकर ट्रांसपोर्ट संगठनों और वाहन चालकों को बहकाने की सूचना मिली है। वाहन चालकों को स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत जानकारी देकर फैलाए जा रहे अफवाहों से डरने की आवश्यकता नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि नए कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। वाहन चालकों को किसी भी प्रकार के बहकावे में आने और भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में वाहन चालकों को किसी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस को पत्र प्रेषित कर स्पष्ट किया है कि भारत सरकार का संबंधित विभाग इस कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करेगी और उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा है कि भारतीय न्याय संहिता 106(2) लागू करने से पहले हम ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे और उसके बाद ही हम कोई निर्णय लेंगे।

पीएम ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता जांचने आएंगे अफसर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक जनवरी 2024 में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के दौरे पर रहेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी में रमेश नानक राम होटवानी (मो. नं- +91-88884-75655) कोरबा एवं कवर्धा जिले और राजेश्वर राज माथूर (मो. नं +91-90791-02066) राजनांदगांव एवं कांकेर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों के निर्माण कार्यों के गुणवत्ता निरीक्षण करेंगे।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त जारी करे सरकार : सुशील

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त के भुगतान के संबंध में दिये गये बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह किसानों का अधिकार है इसका भुगतान तत्काल किया जाना चाहिये। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीन किस्तों का भुगतान किया जा चुका है और चौथे किस्त के भुगतान का प्रावधान बजट में किया गया है लेकिन भाजपा नेताओं द्वारा दुर्भावनापूर्वक जनकल्याणकारी योजनाएं, साल खत्म होने से पूर्व ही बंद करने का षड़यंत्र रच रहे हैं।

भाजपा नेता यह स्पष्ट करें कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त छत्तीसगढ़ के किसानों को कब मिलेंगी, या उसे भी हड़पने की मंशा है? सुशील शुक्ला ने कहा है कि मोदी की गारंटी के नाम पर 3100 रुपया प्रति क्विंटल एक मुश्त देने का वादा करके सत्ता में बैठे भाजपा के नेता यह बताएं कि एमएसपी और 3100 रूपए के अंतर की राशि छत्तीसगढ़ की किसानों को कब मिलेगी?

निगम कमिश्नर से मिला चेंबर का प्रतिनिधि मंडल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल बताया कि चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा से मुलाकात कर बाजारों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की। अमर पारवानी ने बताया कि बाजार के अंतर्गत आने वाले परंपरागत बाजारों को उन्नत बनाने के लिए आवश्यक सुविधाओं जिसमें यातातात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा एवं सीसीटीवी व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बाजारों की आवश्यकतानुसार सफाई एवं अपशिष्ट संग्रहण व्यवस्था, खम्बों से लगे हुए अव्यवस्थित तारों को व्यवस्थित/भूमिगत करने के साथ बाजार में महिलाओं और पुरुषों हेतु पर्याप्त शौचालय की व्यवस्था आदि पर चर्चा हुई साथ ही रायपुर होलसेल फुटवेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष तनेश आहूजा एवं द रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा ने बाजार से संबंधित सुझाव रखे।

जिस पर निगम कमिश्नर ने उक्त चर्चा पर सकारात्मक रूख अपनाते हुए कहा कि नगर निगम के अधिकारियों की टीम चेम्बर पदाधिकारियों के साथ बाजारों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सहयोग करेंगे।

प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी संघ कार्यालय पहुंची

रायपुर/नवप्रदेश। गुरु गोविन्द सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा से निकली प्रभात फेरी मंगलवार को सुबह पंडरी स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रदेश कार्यालय 'जागृति मंडल' पहुंची। संघ कार्यालय में उपस्थित सभी संघ अधिकारी, कार्यकर्ता, स्वयंसेवकों ने स्वागत तथा पूजन किया।

कार्यालय के सभागार में शबद कीर्तन हुआ। गुरु गोविंद सिंह जी तथा गुरु तेगबहादुर सिंह जी के जीवन प्रसंगों से जुड़े प्रेरणादायी भजन भी गाए गए। इस अवसर पर संघ के अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख सुनील कुलकर्णी, क्षेत्र के सम्पर्क प्रमुख अनिल डागा, प्रान्त के अधिकारी, कार्यकर्ता स्वयंसेवक सहित नगर के परिवार जन भी उपस्थित थे।

जो लगातार सीखते रहेंगे वही असली विजेता बनेंगे : राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन 40वीं एनटीपीसी राष्ट्रीय सब-जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो लगातार सीखते रहेंगे वही असली विजेता बनेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश तीरंदाजी संघ द्वारा राज्योत्सव मैदान साइंस कॉलेज रायपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता के अंतर्गत आज राज्यपाल श्री हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में कंपाउंड आरचरी के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय मामले और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। राज्यपाल हरिचंदन ने प्रतियोगियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी तीरंदाजों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और भविष्य के चौंपियन बनकर उभरे है, लेकिन जो सफल नहीं हो पाये वे चुनौतियों का सामना करते हुए सर्वश्रेष्ठ की ओर आगे बढ़ेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि महाभारत और रामायण ग्रंथों में तीरंदाजी का विशेष उल्लेख है। उन्होंने महाभारत ग्रंथ में वर्णित अर्जुन और गुरू द्रोणाचार्य के बीच हुये संवाद का जिक्र किया जिसमे अर्जुन को शिक्षा दी थी कि किस तरह अपने लक्ष्य पर निगाह रखते हुए उसे भेदना है। श्री राम भगवान के जैसा कोई तीरंदाज नहीं हुआ। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। विभिन्न खेलो के साथ-साथ तीरंदाजी में भी हमारे देश ने दुनिया का ध्यान खींचा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमारे देश के तीरंदाजो ने देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी खेल के प्रति लोगों का रूझान बढ़ रहा है और सरकार द्वारा भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा वर्ष 2047 तक खेल के क्षेत्र में भी भारत विकसित बनेगा। वहीं स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि खेलों में भाग लेना आवश्यक है और खेलने वाले ही विजेता होते हैं। वनवासी समाज तीरंदाजी खेल में निपुण हैं। आदिवासी बच्चों को आधुनिक तीरंदाजी खेल की तकनीक में निपुण बनाया जाना चाहिए।

पटवारियों को मुख्यालय में रहने एसडीएम ने जारी किया फरमान

रायपुर/नवप्रदेश। एसडीएम अभनपुर नवीन ठाकुर और आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा ने अपने संबंधित अनुविभागों में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। साथ ही पटवारियों को मुख्यालय दिवस निर्धारित कर अपने कार्यालय में उपस्थित रहने को कहा। श्री शर्मा ने कहा कि पटवारियों को नाम और मोबाईल नंबर चस्पा करने को कहा। इसके अलावा अभिलेख शुद्धता पर अभियान बनाकर काम करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी तहसीलदारों को लोक सेवा गारण्टी के आवेदनों का त्वरित निराकरण करने तथा आरबीसी 6-4 का समय सीमा में निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

संपादकीय

राष्ट्र के माथे की बिंदी है राष्ट्र भाषा हिंदी

हर साल की तरह इस बार भी 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया गया। भारत में भी विश्व हिंदी दिवस पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें हिंदी भाषा के विकास पर बल दिया गया। गौरतलब है कि दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी का पांचवां स्थान है न सिर्फ भारत के सबसे बड़े हिस्से में हिंदी सर्वजन की भाषा है। बल्कि नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान सहित विश्व के लगभग आठ देशों में हिंदी बोली जा रही है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका में भी हिंदी भाषा का प्रचार प्रसार हो रहा है। वहां लगभग 7 लाख लोग हिंदी बोलते हैं। अफ्रीकी देशों में भी हिंदी को अपनाया जा रहा है। दुनिया के कई देशों के विश्व विद्यायलयों में हिंदी में पाठ्यक्रम चल रहे हैं। किन्तु दुख की बात है कि हमारे अपने ही देश में आजादी के 7 दशकों के बाद भी हिंदी को राष्ट्र भाषा का दर्जा नहीं मिल पाया है। आज भी हमारे देश में ऐसे लोगों की बहुत बड़ी संख्या है जो हिंदी की जगह अंग्रेजी को ही ज्यादा महत्व देते हैं। कहते हैं न कि अंग्रेज चले गये लेकिन अंग्रेजी छोड़ गए हमारे देश की एक बड़ी आबादी आज भी अंग्रेजी के मोहपाश में जकड़ी हुई है। ऐसे लोग हिंदी भाषा को न सिर्फ हेय दृष्टि से देखते हैं। बल्कि हिंदी को अनपढ़ और जाहिलों की भाषा मानते हैं। इन लोगों की मानसिकता बदलने की जरूरत है। जो अपने बच्चों को हिंदी माध्यम की पाठशालाओं में प्रवेश दिलाने की जगह इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाना अपने शान की बात समझते हैं। हिंदी का किसी से बैर नही हैं। लेकिन भारत की राष्ट्र भाषा बनने के लिए हिंदी के अलावा ऐसी और कोई भाषा नहीं। जिसे दुनिया में 80 करोड़ से ज्यादा लोग बोलते हैं। आजादी के आंदोलन के समय ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिंदी को राष्ट्र भाषा का दर्जा दिलाने की मुहिम शुरू की थी। महात्मा गांधी का कहना था कि जिस देश की कोई राष्ट्र भाषा नहीं होती वह देश गूंगा कहलाता है। आजादी के बाद हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने की दिशा में कोई कारगर पहल इसलिए भी नहीं हो पायी क्योंकि अहिंदी भाषी दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में इसका जमकर विरोध हुआ। यही वजह है कि आज भी हिंदी अपने ही घर में बेगानी बनी हुई है। भारतीय संविधान ने हिंदी को राज्य भाषा का दर्जा जरूर दे दिया है। केन्द्र सरकार हिंदी और अंग्रेजी दोनों में ही कामकाग कर सकते हैं। वहीं विभिन्न राज्यों में वहां की क्षेत्रीय भाषाओं में कामकाज की अनुमति दी गयी है। किन्तु सरकारी काम काज में भी हिंदी की जगह अंग्रेजी को ही ज्यादा अहमियत दी जाती है। हिंदी के विकास के लिए हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़ा जैसे आयोजन कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है। हिंदी के विकास के लिए जैसी कारगर पहल होनी चाहिए थी। वैसी आज तक नहीं हो पायी है। ऐसे में हिंदी को जो भारत के माथे की बिंदी कही जाती है। उसे आखिर कब राष्ट्र भाषा का दर्जा मिलेगा। यह एक बड़ा यक्ष प्रश्न बन गया है। अब समय आ गया है कि हम क्षेत्रवाद और भाषावाद के झगड़े से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद पर चिंतन करें और हिंदी को राष्ट्र भाषा का सम्मान दिलाने के लिए एकजुट होकर समवेत प्रयास करें। हिंदी सबसे मीठी नम्र और ओजस्वी भाषा है। जिसकी श्रेष्ठता को अब विदेशों में भी स्वीकारा जा रहा है। हिंदी के बेशुमार शब्दों को अंग्रेजी में भी अपने में समाहित किया है। हिंदी भाषा की बढ़ती स्वीकार्यता यही दर्शाती है। सिर्फ हिंदी ही एक मात्र ऐसी भाषा है जो अंग्रेजी का विकल्प बन सकती है। बशर्ते इसका अहिंदी भाषी राज्यों में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। जब तक हिंदी को राष्ट्र भाषा का सम्मान नहीं मिल जाता। तब तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना साकार नहीं हो पाएगा जो हिंदी को राष्ट्र भाषा के रूप में देखना चाहते थे। पूरे देश को एक सूत्र में बांधे रखने की शक्ति सिर्फ हिंदी भाषा में ही है। इसलिए अब सरकार को चाहिए की हिंदी के चौमुखी विकास के लिए वह कारगर कदम उठाए।

उपचुनाव में हार से सबक ले भाजपा

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले की श्री करनपुर विधानसभा सीट पर संपन्न हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रूपिंदर सिंह कुन्नर ने भाजपा प्रत्याशी व राजस्थान सरकार में मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को 11261 वोटों के अंतर से हरा दिया है। सुरेंद्रपाल सिंह टीटी की हार से भाजपा की किरकिरी हुई है। भाजपा ने उप चुनाव के दौरान अपने प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को चुनाव जितवाने के लिए चुनावी प्रक्रिया के दौरान ही मंत्री तक बना दिया था। मगर इसके बावजूद भी वह चुनाव में पराजित हो गए। देश में इस तरह कि यह पहली घटना है। जब चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रत्याशी को मंत्री बनाया गया था। चुनावी प्रक्रिया के दौरान टीटी को मंत्री बनाने को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग तक शिकायत भी की थी। मगर भाजपा ने किसी भी आरोप की परवाह ना करते हुए टीटी को मंत्री पद की शपथ दिलवा दी थी।

राजस्थान में भाजपा की सरकार बने अभी एक महीना भी नहीं हुआ है। उससे पहले ही सरकार को उपचुनाव में बड़ा झटका लगा है। उपचुनाव में हुई हार का असर अगले लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। उपचुनाव की जीत से जहां कांग्रेस पार्टी के नेताओं का मनोबल मजबूत हुआ है जिससे लोकसभा चुनाव में वह और अधिक एकजुटता से चुनाव लड़ने का प्रयास करेंगे। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां से विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर को अपना प्रत्याशी बनाया था। मगर मतदान से पूर्व ही उनकी मृत्यु होने से चुनाव स्थगित हो गया था। कांग्रेस ने मतदाताओं की सहानुभूति लेने के लिए अपने मृतक विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के पुत्र रूपिंदर सिंह कुन्नर को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा था। कांग्रेस का यह दाव सफल रहा और उनका प्रत्याशी चुनाव जीत गया। श्री गंगानगर लोकसभा क्षेत्र में वैसे भी विधानसभा चुनाव में भाजपा इस बार काफी कमजोरी रही है। क्षेत्र की आठ में से भाजपा सिर्फ दो सीट सादुलशहर व श्रीगंगानगर ही जीत पाई है। पांच सीटों पर श्रीकरणपुर, सूरतगढ, रायसिंह नगर, संगरिया, पीलीबंगा में कांग्रेस व हनुमानगढ़ सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी विजय हुआ है। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से 94340 वोट अधिक मिले हैं। भाजपा प्रत्याशियों को पाच लाख 94 हजार 651 वोट व कांग्रेस प्रत्याशियों को छः लाख 88 हजार 991 वोट मिले हैं। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निहालचंद मेघवाल 406978 वोटो से जीते थे। 2019 के चुनाव में भाजपा के निहालचंद मेघवाल को 897177 वोट व कांग्रेस के भरतलाल मेघवाल को 490199 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव से 2023 के विधानसभा चुनाव तक जहां भाजपा कमजोर हुई है वहीं कांग्रेस मजबूत बनकर उभरी है। मौजूदा सांसद निहालचंद के खुद के विधानसभा क्षेत्र रायसिंह नगर में भी कांग्रेस के सोहनलाल नायक ने भाजपा के बलवीर सिंह लूथरा को 14025 वोटो से हरा दिया है। जबकि रायसिंह नगर सीट पर मौजूदा सांसद निहालचंद के दादा बेगाराम 1972 में, खुद निहालचंद मेघवाल 1998 में, उनके छोटे भाई लालचंद मेघवाल 2003 में विधायक रह चुके हैं। अपने खुद के विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी को नहीं जीतवा पाने से पांच बार के भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल की स्थिति कमजोर हुई है। 2023 के विधानसभा चुनाव में श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र में जिस तरह से कांग्रेस ने बढ़त बनाई है। उसको देखते हुए लगता है कि अगले लोकसभा चुनाव में भी यहां से कांग्रेस का प्रत्याशी ही चुनाव जीत जाएगा।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल के साथ भी सिर मुंडाते ही ओले पड़ने वाली कहावत चरितार्थ हो गई है। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को स्वतंत्र प्रभार का राज्य मंत्री भी बना दिया था। मगर उनका यह दाव भी फेल हो गया और श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने सहानुभूति लहर पर सवार कांग्रेस के रूपिंदर सिंह कुन्नर को जीतकर यह दिखा दिया है कि वह किसी भी लालच में आने वाले नहीं है। विधानसभा उपचुनाव में मिली हार के बाद हासिये पर धकेल दी गई पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी एक बार फिर मुखर होकर अपने समर्थको को लामबंद कर सकती है। हाल ही में पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीन दिन तक जयपुर में रहने के बावजूद वसुंधरा राजे ने उनसे एक बार भी मिलना उचित नहीं समझा। इससे लगता है कि उनके मन में आज भी मुख्यमंत्री नहीं बन पाने की टीस है। मंत्रिमंडल गठन में भी उनके समर्थक कई वरिष्ठ विधायकों की भी उपेक्षा की गई है। हालांकि विधानसभा उपचुनाव में हारने के बाद मंत्री बनाए गए सुरेंद्र पाल सिंह टीटी का मंत्री पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। चुनाव के दौरान जिस तरह से घटनाक्रम चला है उसको देखकर तो यही लगता है कि भाजपा सरकार को अभी जमने में समय लगेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपने मंत्रिमंडल में शामिल सभी मंत्रियों को प्रदेश के अलग-अलग जिलों में भेज कर आमजन की समस्याओं का समाधान करवाना होगा।

भारतीय कृषि का 'ड्रोन क्षण'

डॉ मनसुख मांडविया
केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री

स्वदेशी रूप से विकसित नैनो उर्वरक बेहतर हैं क्योंकि वे पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों का पर्यावरण-अनुकूल और प्रभावी विकल्प प्रदान करते हैं। अब पारंपरिक यूरिया की 45 किलोग्राम की बोरी की जगह नैनो यूरिया की आधा लीटर की बोतल ने ले ली है। इससे मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने और फसल की उपज में सुधार करने में सहायता मिल रही है। साथ ही बेहतर पोषक तत्व उपयोग दक्षता और आसान प्रबंधन जैसे कई फायदे भी हैं। इसकी व्यापक स्वीकार्यता सुनिश्चित करने में अगली चुनौती कुशल अनुप्रयोग प्रणाली की एक विधि विकसित करना, आसानी से अपनाने के लिए एक इको-सिस्टम का निर्माण करना और कृषक समुदाय को लाभों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करना था। भारत के युवा और गतिशील स्टार्टअप्स द्वारा किसान ड्रोन का विकास तरल उर्वरकों के इस्तेमाल के लिए एक प्रभावी और कुशल तकनीक प्रदान करता है। मिनटों में एक एकड़ कृषि भूमि पर छिड़काव करने की क्षमता अपने खेतों में घंटों मेहनत करने वाले किसानों के लिए वरदान साबित हुई। अपने पास अधिक खाली समय होने से, किसान अपनी कमाई बढ़ाने और अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अधिक उत्पादक कार्यों में लग सकते हैं।

पंजाब के हरे-भरे खेतों की हरियाली से गुजरते हुए, मेरा ध्यान कहीं दूर गूंजती एक आवाज ने आकर्षित किया। स्वाभाविक मानवीय जिज्ञासा हुई कि इस आवाज का स्रोत क्या है। उतरते ही मेरा स्वागत दो किसानों ने किया। वे ड्रोन के जरिए नैनो यूरिया का छिड़काव कर रहे थे। देश के एक ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा एक नई तकनीक को इतने उत्साहपूर्वक स्वीकार किए जाने को देखकर मुझे सुखद अनुभूति हुई। मुझे लगा कि यह भारत के कृषि क्षेत्र के लिए वह 'ड्रोन क्षण' था, जिसने हमारे देश में 'ड्रोन आंदोलन' की शुरुआत की। किसानों ने मुझे बताया कि उन्हें कृषि-ड्रोन के बारे में जानकारी उनके गांव में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान मिली और यह नई तकनीक उनके खेतों में सबसे कुशल तरीके से तरल उर्वरकों और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए बेहद उपयोगी है।

भारतीय कृषि ने पहले ही पारंपरिक रूप से बैलगाड़ी आधारित होने से ट्रैक्टर आधारित होने तक का सफर तय किया है। मैं अब कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग को कृषि क्रांति की तीसरी लहर के रूप में देख रहा हूं। कृषि-ड्रोन तकनीक हमारी कृषि पद्धतियों को आधुनिक बनाने और बदलने में एक वास्तविक सफलता साबित हो रही है। हैंड पंपों के माध्यम से कीटनाशकों और तरल उर्वरकों के थकाऊ और समय लेने वाले हाथ से छिड़काव के दिन चले गए। अब इसकी जगह ड्रोन के माध्यम से छिड़काव की अधिक कुशल और उत्पादक तकनीक ले रही है। कृषि क्षेत्र की दक्षता और उत्पादकता में सुधार के लिए कृषि पद्धतियों का आधुनिकीकरण आवश्यक और अपरिहार्य है ताकि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, जो कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का एक महत्वपूर्ण तत्व है।

1960 के दशक की हरित क्रांति में नए कृषि उपकरण, एचवाईवी (उच्च उत्पादकता किस्में) बीज, कीटनाशक और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग की शुरुआत देखी गई। पिछले कुछ वर्षों में हमारे पर्यावरण, मिट्टी के स्वास्थ्य और मिट्टी की उर्वरता की दीर्घकालिक स्थिरता बनाए रखने के लिए, उर्वरकों के अधिक संतुलित उपयोग को सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता महसूस की गई। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका आह्वान 2019 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किया। इससे प्रेरित होकर सरकार ने जैव, नैनो और जैविक उर्वरक जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम और गोबरधन जैसी कई पहल शुरू की है। इन नई पहल के बारे में जागरूकता बढ़ाने और किसानों को एक ही छत के नीचे एकीकृत समाधान प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) की स्थापना की गई है।

स्वदेशी रूप से विकसित नैनो उर्वरक बेहतर हैं क्योंकि वे पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों का पर्यावरण-अनुकूल और प्रभावी विकल्प प्रदान करते हैं। अब पारंपरिक यूरिया की 45 किलोग्राम की बोरी की जगह नैनो यूरिया की आधा लीटर की बोतल ने ले ली है। इससे मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने और फसल की उपज में सुधार करने में सहायता मिल रही है। साथ ही बेहतर पोषक तत्व उपयोग दक्षता और आसान प्रबंधन जैसे कई फायदे भी हैं। इसकी व्यापक स्वीकार्यता सुनिश्चित करने में अगली चुनौती कुशल अनुप्रयोग प्रणाली की एक विधि विकसित करना, आसानी से अपनाने के लिए एक इको-सिस्टम का निर्माण करना और कृषक समुदाय को लाभों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करना था।

भारत के युवा और गतिशील स्टार्टअप्स द्वारा किसान ड्रोन का विकास तरल उर्वरकों के इस्तेमाल के लिए एक प्रभावी और कुशल तकनीक प्रदान करता है। मिनटों में एक एकड़ कृषि भूमि पर छिड़काव करने की क्षमता अपने खेतों में घंटों मेहनत करने वाले किसानों के लिए वरदान साबित हुई। अपने पास अधिक खाली समय होने से, किसान अपनी कमाई बढ़ाने और अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अधिक उत्पादक कार्यों में लग सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य महिलाओं को सशक्त बनाना और देश के विकास में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाना है। उन्होंने 30 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों के साथ बातचीत के दौरान नमो ड्रोन दीदी का प्रारंभ स्वयं किया। इसका उद्देश्य आसान वित्तीय समाधान प्रदान करके कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को किराये पर ड्रोन उपलब्ध कराना है। इसके लिए नमो ड्रोन दीदी के तहत 15,000 चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान किया जा रहा है। यह अनूठी पहल न केवल किसानों को तरल उर्वरक और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए ड्रोन आसानी से उपलब्ध कराएगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान देगी। यह भारत के ड्रोन वैमानिकी को बढ़ावा देगा और ड्रोन निर्माण स्टार्टअप को विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने में मदद करेगा। यह देश के दूरदराज के इलाकों में ड्रोन पायलटों और ड्रोन मैकेनिकों के लिए रोजगार उद्यम बनाकर महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएगा और साथ ही ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा।

प्रभावी संवाद किसी भी नई पहल के सफल क्रियान्वयन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। 15 नवंबर, 2023 से शुरू हुई देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्रोन एक प्रमुख आकर्षण बन गए हैं। यात्रा के दौरान सभी राज्यों में 50,000 से अधिक ड्रोन प्रदर्शन हुए हैं। इन प्रदर्शनों ने किसानों के भीतर अपनी खेती में इस नई उच्च स्तर तकनीक को अपनाने के लिए रुचि जगाई है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1759 में 11 जनवरी के दिन ही अमेरिका के फिलाडेल्फिया में पहली जीवन बीमा कंपनी की शुरूआत हुई थी। 1922 में आज ही के दिन ही डायबटीज के मरीजों को पहली इंसुलिन दी गई थी।1942 में 11 जनवरी के दिन ही जापान ने मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर पर कब्जा किया था। 1945 में आज ही के दिन यूनानी गृहयुद्ध में संघर्ष विराम हुआ था।1955 में 11 जनवरी के दिन ही भारत के अखबार के कागज का उत्पादन शुरू हुआ था।1973 भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ का जन्म हुआ। इनके नाम 164 टेस्ट में 13,288 और 344 वनडे में 10,889 रन दर्ज हैं। 1993 में आज ही के दिन सुरक्षा परिषद ने खाड़ी युद्धविराम का उल्लघंन करने के लिए चेतावनी दी थी। 1995 में 11 जनवरी के दिन ही सोमालिया में दो वर्ष से चल रहे संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक अभियान खत्म हुआ था। 1998 टिम एलन सीनफील्ड में 24 वें वार्षिक पीपुल्स च्वाइस अवार्ड्स जीते। 1998 76 प्रदर्शनों के बाद प्रस्ताव न्यूयॉर्क शहर के ब्रॉडहर्स्ट थियेटर में बंद हो गया।

QUIZ TIME

1) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपना 139 वां स्थापना दिवस कब मनाया है?

2) किस देश ने लॉन्ग मार्च-11 वाहक रॉकेट को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया?

3) रवीन्द्रनाथ टैगोर ने किस शास्त्रीय नृत्य को पुनर्जीवित करके उसे केरल के अतिरिक्त बंगाल में भी लोकप्रिय बनाया?

4) मूलतः चाचनामा किस भाषा में लिखा गया था?

5) सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक कौन थे जिनका 15 अगस्त 2023 को निधन हो गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 28 दिसंबर (2) चीन (3) कथकली (4) फारसी (5) बिंदेश्वर पाठक

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -300

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे
1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक299का हल

दि	क्र	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:21, सूर्यास्त : 05:47, चन्द्रोदय : 31:12, चन्द्रास्त : 16:11,

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अमावस्या, नक्षत्र : पूर्वाषाढ, योग : व्याघात, प्रथम करण : विष्टि (09:22 तक), द्वितीय करण : शकुनि (20:10 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 13:40 से 15:10, विजय मुहूर्त : 14:08 से 14:49, गोधूलि मुहूर्त : 17:32 से 17:59, सायाह्न सन्ध्या : 17:34 से 18:56, निशिता मुहूर्त : 23:57 से 24:52, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 08:32 से 09:46, होमाहुति : केतु (19:40 से सूर्य), दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पाताल (20:10 से पृथ्वी), भद्रावास : पाताल (09:22 तक), चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : श्मशान में (20:10 से गौरी के साथ)

शुभ यात्रा दिशा

पूर्व-उत्तर (गुड़ अथवा दूध का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, नाम पूर्वाषाढ नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय , तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (भू, धा,फा, ढा,) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आध्यात्म एवं धार्मिक आस्था में वृद्धि करने वाला रहेगा।

वृषः आपका आज का दिन प्रतिकूल परिस्थिति वाला रहेगा। आज घर सदस्य की चिकित्सा पर अधिक खर्च होने से आर्थिक हालात असामान्य बनेंगे उधार भी लेना पड़ सकता है यथा संभव आज उधार ना लें।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए उन्नति दायक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आज अधिकारियो का प्रोत्साहन मिलने से उन्नति के मार्ग खुलेंगे।

कर्कः आज का दिन घर एवं बाहर के वातावरण में बदलाव लाने वाला रहेगा। आज वाणी एवं व्यवहार में भी कल की अपेक्षा नरमी रहेगी।

सिंहः आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। परन्तु सेहत में थोड़ा उतार चढ़ाव बना रहेगा। पुराने लटके कार्यो में गति आएगी।

कन्याः आज की दिनचर्या असंयमित रहेगी। आज के दिन का पूर्वार्ध परिवार में कलह रहने के कारण अशान्त रहेगा इसका कारण आप ही रहेंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिये बीते कल की तुलना में थोड़ी राहत प्रदान करेगा। आज धन का खर्च आय की तुलना में अधिक रहेगा फिर भी मानसिक रूप से दिन भर प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में कार्य क्षेत्र पर बेहतर वातावरण मिलने से धन लाभ होगा।

धनुः आज दिन के आरंभिक कुछ समय को छोड़ बाकी समय आनंददायक रहेगा। मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे।

मकरः आज का दिन विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। आज मन में भावुकता एवं क्रोध की अधिकता रहने से छोटी बात गंभीर विवाद का रूप ले सकती है।

कुंभः आज का दिन बीते दिनों की अपेक्षा सुख-शांति से बितायेंगे। कला एवं संगीत में आज विशेष रूचि रहेगी।

मीनः आज का दिन आपको शुभ फल देने वाला है। आज आप अपने व्यवहार कुशलता से किसी का भी दिल जीत सकते हैं।

व्यापार मेले में व्यापारियों से ही वसूली

एक स्टॉल का 30 हजार तक शुल्क, तीन सौ स्टॉल लगने का दावा

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में पहली बार स्थानीय साइंस कालेज मैदान में लगा 6 दिनों का व्यापार मेला उद्योगों और व्यापारियो के लिए भी काफी महंगा है।उद में किया जा आयोजकों ने व्यापार मेला में व्यपारियों को ही बिजली पानी के नाम पर भारी भरकम शुल्क वसूल किया गया है। एक स्टॉल का 6 दिन का चार्ज करीब 25-30 हजार रूपए है वहीं 6 दिन की बिजली वह भी भी सिर्फ दो ट्यूब लाईट और एक चार्जर पाइंट का उपयोग करने के 16 सौ से 2 हजार रूपए तक लिए जा रहे है। व्यापारियों का कहना है कि करीब दो माह पहले इसी मैदान में स्वदेशी मेला का भी आयोजन किया गया था, जिसमें पानी-बिजली सहित एक स्टॉल का 6 दिनों का किराया मात्र 17 हजार रूपए था। इस मेले के आयोजकों की मनमानी पर सरकारी एजेंसियां भी मूकदर्शक बनी हुई हैं।

बीते दिनों बीएनआई आयोजको के द्वारा मेला परिसर के बाहर लगने वाले ठेले खोंमचे वालों से 4-4 हजार वसूलने का भारी विरोध किया गया था। इस मामले में किसी सरकारी एजेंसी ने हस्तक्षेप नहीं किया। वहीं बाहर से आए व्यापारियों से भी बिजली पानी सहित जगह के नाम पर मनमानी वसूली हो रही है।

व्यापारियों का कहना है की आखिर किस आधार पर ऐसी कीमत ली जा रही है। पहले भी व्यापार बिहार परिसर में उद्योग संघ के द्वारा व्यापार मेले का आयोजन लंबे समय से किया जा रहा है,लेकिन इतना शुल्क नहीं लिया गया । जाहिर है व्यापार मेले में आने वाला एक- रूपए का खर्च व्यापारी मेले में आने वाले लोगों से ही वसूलेंगे। इसका अर्थ यही है कि जितना महंगा मेला होगा , वहां बिकने वाली सारी चीजें भी महंगी होही होंगी। व्यापार मेलों का उद्देश्य उद्योग और व्यापार के लिए बेहतर अवसर

व्यापारी शिकायत करें

व्यापार मेला आयोजको के द्वारा यदि बिजली बिल के नाम पर व्यापारियों से अवैध वसूली की जा रही है तो व्यापारी बिजली विभाग में शिकायत करें। नियमानुसार यदि 1 यूनिट की खपत एक दिन में हो रही है तो बिजली बिल अधिकतम 10-12 रूपए से अधिक नहीं होगा।

अंजन धर, सीई, बिजली वितरण कंपनी

खुद की जिम्मेदारी में झूला झूलें

मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए छोटे-बड़े 30 से अधिक झूले लगाई गई हैं। जिसमें टावर झूले, ड्रैगन झूले, तोक-तोक झूले, कार झूले, कार झूले समेत अन्य कई प्रकार के झूले हैं। जहां छोटे झूले का प्रति व्यक्ति 50 रूपए,तो बड़े झूलें का चार्ज 80 से 100 रूपए तक चार्ज कर रहें हैं। वहीं सुरक्षा के नजरिये से किसी भी तरह की कोई व्यवस्था नहीं हैं। इतने बड़े मेले के ने लोगों की झूले से गिरने और दुर्घटना होने के स्थिति में आयोजकों द्वारा कोई व्यवस्था का इंतजाम नहीं हैं।

अग्नि सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं

व्यापार मेला में काफी संख्या में लोग मेले का लुफ्त उठाने के लिए जाते हैं। सांइस कॉलेज के मैदान में आगजननी और बिजली के सार्ट सर्किट लगने की स्थिति को अनदेखा करते हुए किसी भी तरह की कोई फायर बिग्रेड़ की व्यवस्था करना तो दूर टैंकरों में पानी की व्यवस्था भी नहीं कराई गई हैं। इसमें आयोजकों की लापरवाही साफ तौर पर देखी जा सकती है। यदि किसी तरह से आग लगने पर जान -मान हानि होने की खतरा होने की संभावना हैं। आयोजन समिति द्वारा आगजनी की संभावित घटना को ध्यान में रखते हुए किसी प्रकार का पुख्ता इंतेजाम नहीं किया गया है।

स्वास्थ्य बिगड़ा तो डाक्टर नहीं

मेले में काफी लोग घूमने-फिरने जाते हैं और अपने साथ छोटे बच्चों को भी साथ ले जाते हैं ऐसे में अचानक किसी का स्वास्थ्य खराब हो जाता है तो मेला परिसर में प्राथमिक उपचार भी कोई उचित व्यवस्था नहीं हैं। मेले में करीब तीन सौ से भी अधिक स्टाल है, स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आयोजन समिति द्वारा एक स्टाल का प्राथमिक उपचार का भी रखा जाना चाहिए। यदि वहां अचानक किसी की स्वास्थ्य और दुर्घटना की स्थिति बनती है तो लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए तात्कालिक डॉक्टरों की मौजूदगी जरूरी है, लेकिन इस तहर की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

न्यूज गैलरी

विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए खुलेंगे विकास के रास्ते

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए पीएमजनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के रास्ते खुलेंगे। जिले में पीवीटीजी के रूप में बैगा एवं बिरहोर जनजाति आबाद है। उन्हें इन इलाकों में मूलभूत बुनियादी अधोसंरचनाएं विकसित करने के साथ हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक स्तर को बढ़ाना इस योजना का उद्देश्य है। योजना के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन में महिला संगवारियों की अहम भूमिका होगी। आज चयनित जनमन संगवारियों को डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा में एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एसडीएम कोटा पीयूष तिवारी, सीईओ कोटा युवराज सिन्हा एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बिलासपुर सीएल जायसवाल की उपस्थिति में समस्त विभागों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे ग्राम में शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु चयनित जनमन संगवारी को आवश्यक दिशा निर्देश एवं प्रशिक्षण, सहायक आयुक्त, एसडीएम कोटा, सीईओ कोटा एव अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रदान किया।

अनुवादक, वाहन चालक एवं भृत्य पदों की भर्ती प्रक्रिया की पात्रता सूची जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अधीनस्थ स्थापनाओं में अनुवादक के 01, वाहन चालक के 01 भृत्य के 30 रिक्त पदों की भर्ती हेतु जारी विज्ञापन एवं प्राप्त आवेदनों के परिप्रेक्ष्य में चयन समिति के द्वारा आवेदनों की संवीक्षा उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई।

महिला मंडली उत्साहित, पूजित अक्षत के साथ लक्ष्मी का निमंत्रण

बिलासपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में दिव्य, भव्य और अलौकिक श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा होनी है। देशभर में रामभक्तों के पास निमंत्रण पत्रक पहुंच रहा है। न्यायधानी में भी जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। महिला मंडली ने भी कमान संभाल ली है। %पूजित अक्षत% के साथ निमंत्रण लेकर घरों में %लक्ष्मी% के कदम पड़ रहे हैं।

अयोध्या में रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा को अब सिर्फ 12 दिन शेष हैं। तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, रामभक्त प्रभु के दर्शन करने उत्साहित हैं। बिलासपुर में गजब का माहौल बनने लगा है। पुरुषों के साथ महिलाएं भी कदम से कदम मिलाकर निमंत्रण पत्रक बांट रही हैं। प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी के साथ गली-गली घर-घर %पूजित अक्षत% के साथ पहुंच रही है। रामभक्तों को अयोध्या चलने कह रही हैं। रामभक्त भी लक्ष्मी का उत्साह से स्वागत सत्कार कर रहे हैं।

इलाज का बहाना बनाकर एक लाख की धोखाधड़ी

बिलासपुर। कोतवाली क्षेत्र में ईलाज के रुपये की जरूरत होने का झांसा देकर एक लाख 20 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत कोतवाली थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।कोतवाली क्षेत्र के गोंडपारा राजाराम मंदिर के पास रहने वाले अनुपम शुक्ला ने धोखाधड़ी की शिकायत की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 28 दिसंबर की शाम उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वाले ने उन्हें बताया कि वे मरीज को लेकर रायपुर आए हैं। अस्पताल में ईलाज के लिए एक लाख 20 हजार रुपये की जरूरत बताई। अनुपम ने फोन करने वाले को अपना जीजा समझ लिया। इसके बाद उन्होंने हड़बड़ी में बताए खाते में एक लाख 20 हजार रुपये जमा करा दिए। बाद में उन्हें अपनी गलती समझ में आई। उन्होंने पूरे मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

55 लाख की धोखाधड़ी, युवती समेत 3 गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। कंपनी में रुपये निवेश करने पर पैसे डबल कर देने का झांसा देकर 55 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाली युवती समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित युवती और युवकों से पूछताछ कर रही है। इसमें और भी लोगों से धोखाधड़ी का मामला सामने आने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा कि आरोपितों के द्वारा माल में आफिस खोलकर धोखाधड़ी की जा रही थी।सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रदीप आर्य ने बताया कि सकरी के आसमां कालोनी में रहने वाली ज्योति वाधवा ने घोखाधड़ी की शिकायत की थी। पीड़ित ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनकी पहचान प्रांजल पाटले से हुई थी। उसने खुद को इंडिपेडेंट बिजनेस ओनर कंपनी का डायरेक्टर बताया। कंपनी का आफिस मैग्नेटो माल में होना बताया। प्रांजल ने ज्योति को उसकी कंपनी में निवेश करने पर 50 प्रतिशत मुनाफे की बात कही। साथ ही पहले पांच लोगों को कंपनी से जोड़ने पर ज्यादा मुनाफा होना बताया। उसकी बातों में आकर ज्योति ने प्रांजल की कंपनी में 17 लाख 57 हजार रुपये निवेश किए। उनके साथ ही राजेन्द्र वर्मा ने 10 लाख 50 हाजर, सेमवल कुंजलिया ने 21 लाख 23 हजार, विनय कुमार नेलसन ने चार लाख 69 हजार, रामचरण जगत ने एक लाख 42 हजार, हिमांशु राठौर ने तीन लाख 50 हजार, डोमन पाटले ने आठ लाख 50 हजार रुपये निवेश किए हैं। इनमें से कुछ रुपये पीड़ितों को वापस किए गए हैं। वहीं, 55 लाख रुपये वापस करने उन्हें गोलमोल जवाब दिया जा रहा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित प्रांजल पाटले निवासी तिफरा, डाली उर्फ दुर्गा पटेल निवासी तिफरा और अनुराग खूंटे निवासी उसलापुर को पकड़ लिया। तीनों से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। टीआइ आर्य ने पूछताछ में धोखाधड़ी के और भी मामला सामने आने की बात कही है।

हत्या का शक, अनुमति लेकर पुलिस ने निकाला कंकाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। तीन साल पहले दोस्तों ने मामूली बात पर युवक का गला दबाकर अधमरा कर दिया। इसके बाद उसे तालाब के पास पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर लटका दिया। आरोपितों को जब तसल्ली हो गई की उनके दोस्त की मौत हो गई तब उसे फंदे से उतारकर तालाब के पास ही खेत में दफना दिया। इधर युवक के स्वजन उसकी तलाश कर रहे थे। साथ ही पुलिस गुम इंसान दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। घटना के तीन साल बाद घटना में शामिल तीन नाबालिग ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस नाबालिगो के बताए जगह पर युवक के लाश की तलाश की। पुलिस ने खेत से शव के अवशेष निकाल लिए हैं। अब आरोपितों पर हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मल्हार चौकी प्रभारी विष्णु यादव ने बताया कि वार्ड नंबर 10 में रहने वाला विकास कुमार कैवर्त (19) तीन साल 2020 में धनतेरस के दिन घर से गायब हो गया था। स्वजन उसकी तलाश कर रहे थे। घटना की जानकारी मल्हार चौकी में दी गई। इस पर पुलिस गुम इंसान कायम कर युवक की तलाश में जुटी थी। तीन साल तक चली तलाश के बाद भी युवक का सुराग नहीं मिल पाया। कुछ दिन पहले मल्हार पुलिस को सूचना मिली कि लापता युवक की हत्या हो गई है। इसमें गांव के ही कुछ लोग शामिल है। पुलिस ने गुम युवक के 3 नाबालिग साथियों को संदेहियों के तौर पर बुलाया और पूछताछ की। नाबालिगों ने पुलिस को बताया कि धनतेरस के दिन विकास और कुछ दोस्त गांव के हथनी तालाब के पास बैठे थे। इसी दौरान मामूली बात को लेकर उनका विकास से विवाद हो गया। इसी बात को लेकर उन्होंने विकास का गला दबाकर अधमरा कर दिया। इसके बाद उन्होंने विकास को तालाब किनारे के पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर लटका दिया।

हजारों लोगों को मिला योजनाओं का फायदा

बिलासपुर। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला लगातार जारी है। केंद्रीय योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ और छूटें हुए हितग्राहियों को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरु किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा से आम नागरिकों को काफी फायदा मिल रहा है। यात्रा के तहत लगाए जा रहे शिविर में दिन प्रतिदिन लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी आज विकासखंड कोटा के ग्राम मझगंवा पहुंची। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जनपद पंचायत कोटा के अध्यक्ष श्री मनोहर सिंह राजएवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस शिविर में लोगों को योजनाओं का लाभ दिया गया और शासकीय योजनाओं की भी जानकारी भी दी गयी है। शिविर में आवास योजना, उज्जवला योजना, सहित अन्य योजनाओं की जानकारी लेने बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे।

कबड्डी में छग ने तेलंगाना को 7 अंकों से हराकर टॉप-8 में बनाई जगह

बिलासपुर/नवप्रदेश। 67वीं राष्ट्रीय शालेय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन तेलंगाना में किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ की टीम ने प्री-क्वार्टर में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान तेलंगाना को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। प्रदेश की टीम में बिलासपुर के भी 6 खिलाड़ियों को जगह मिली है।

खेल अधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ की टीम ने मध्यप्रदेश को 11 अंकों से हराकर प्री-क्वार्टर में जगह बनाई थी। प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मेजबान तेलंगाना को 34-27 के मुकाबले 7 अंकों से हराकर छत्तीसगढ़ की टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

जमीन का सौदा कर व्यवसायी से सात लाख की धोखाधड़ी

बिलासपुर। तोरवा क्षेत्र में जमीन बेचने का झांसा देकर व्यवसायी से सात लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत तोरवा थाने में की है। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। तोरवा के जेपी रेसीडेंसी में रहने वाले संजय अग्रवाल व्यवसायी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मोहतरा में रहने वाले अभिषेक कुमार घोसले(23) और रथ बाई घोसले(49) के नाम पर एक एकड़ जमीन थी। ढेका में रहने वाले मूलचंद सिंह राजपूत के साथ अभिषेक ने मोहतरा स्थित को जमीन को दिखाकर रुपये की जरूरत होने पर बेचने की बात कही।जमीन पसंद आने पर व्यवसायी ने 30 लाख रुपये में जमीन को खरीदने का सौदा कर लिया। एडवांस के रूप में उन्होंने दो चेक के माध्यम से अभिषेक को सात लाख रुपये दिए।

मौसम | बादल छंटते ही नमी में आएगी कमी

अब तापमान में तेजी से गिरावट के आसार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मौसम का मिजाज। वातावरण में कम हो चुकी सर्दी दोबारा लौटेगी। न्यूनतम तापमान में गिरावट संभावित है। मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश के कुछ हिस्सों में बहुत हल्की वर्षा भी हो सकती है।

बिलासपुर में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञानी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ एक द्रोणिका के रूप में मध्य क्षोभमंडल में पश्चिम से 5.8 किलोमीटर पर 72 डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है। इसके प्रभाव से एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण हरियाणा और उसके आसपास 3.2 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। बुधवार को न्यायधानी में मौसम सामान्य बना रहा। सुबह धूप का असर कम था। फिलहाल दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के भीतर है। जो कि सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यही हाल रात का भी है। जिसके कारण अभी सर्दी का असर वातावरण में कम महसूस हो रही है।

शाम ढलने के बाद थोड़ी कंपकंपी जरूर महसूस होती है। पहाड़ी क्षेत्र में भी आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश में न्यूनतम तापमान में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ में वृद्धि होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट होने के आसार हैं। यानी मकर संक्रांति के आसपास शहर में अच्छी ठंड पड़ेगी।

परीक्षा शुल्क में वृद्धि, छात्रों का सड़कों पर विरोध प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहार वाजपेयी विश्वविद्यालय में बीएससी, बीए, बीकाम, बीबीए की परीक्षा शुल्क बढ़ाने के विरोध में छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रबंधन ने प्रत्येक विषय में चार सौ रुपये से ज्यादा शुल्क बढ़ाई है। इसके विरोध में आल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट संगठन के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर शुल्क घटाए जाने की मांग की। छात्रों का कहना है कि शुल्क ज्यादा होने के कारण आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को परीक्षा फार्म जमा करने में दिक्कत आती है। छात्रों ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के प्रबंधन द्वारा हाल ही में बीएससी, बीए, बीकाम, बीबीए परीक्षा शुल्क जारी किया गया। इसमें बीएससी 1326 रुपये, बीए 1301 रुपये, बीकाम 1301 रुपये, बीबीए 1500 रुपये शुल्क लिए जा रहे हैं। लेकिन पिछले वर्ष बीएससी, बीए, बीकाम के 1040 रुपये परीक्षा शुल्क के रूप में लिया गया था। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी पर गेट के सामने प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही जेपी वर्मा कालेज कमेटी एआईडीएसओ ने भी कालेज में प्रदर्शन किया और कुलपति को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने कहा कि देश की क्रांतिकारी ने कहा था की आजाद भारत वह होगा जहां शिक्षा, स्वास्थ्य और भोजन निश्शुल्क दिया जाएगा। लेकिन आज आजादी को लगभग 76 साल हो रहे हैं, लेकिन शिक्षा तो और महंगी होती जा रही है।शिक्षा तो किसी का संपत्ति नही है। फिर भी इतना महंगा क्यों हो रहा है। शुल्क में संतोषजनक निर्णय नहीं हुआ हो उग्र आंदोलन किया जाएगा प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कहा कि आने वाले दिनों में अगर संतोषजनक निर्णय नहीं आता है तो इसके खिलाफ हम उग्र आंदोलन करेंगे।

न्यूज गैलरी

तीन बदमाश जिला बदर

कोंडागांव/नवप्रदेश। मनीष सागर पिता रूपसिंह सागर (26), राहुल गुप्ता पिता स्व0 गिरीश चंद्र गुप्ता (38 और कृष्णा साहु उर्फ खाडू पिता लल्लन सिंह (35) सभी निवासी बाजारपारा कोण्डागांव थाना व जिला कोण्डागाँव कोर्ट ने छ0म राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.5.6 के तहत उपरोक्त तीनों को 1 वर्ष की कालावधि के लिए जिला कोण्डागांव, कांकेर नारायणपुर बस्तर बीजापुर दतेवाडा व धमतरी की राजस्व सीमा से बाहर जाने व प्रवेश नही करने का आदेश दिया गया था किन्तु राहुल गुप्ता मनीष सागर व कृष्णा साहू उर्फ खाडू के द्वारा उपरोक्त आदेश का पालन न करते हुए कोण्डागाव शहर में बीच बीच में आने की सूचना मिल रही थी जिन्हें कई बार जिला बदर में बताए क्षेत्रो को छोड़कर चले जाने हेतु हिदायत दिया गया था किन्तु इनके द्वारा बार बार कोण्डागाव में आकर जिला बदर आदेश का उल्लंघन किया जा रहा था। कोण्डागाव क्षेत्र के निवासियों से सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोण्डागाव निरी प्रहलाद यादव के द्वारा उपरोक्त तीनों जिला बदर को गिरफ्तार कर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14.15 अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर कोर्ट में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि राजकुमार कोमरा सउनि दिनेश पटेल, सउनि प्रभुलाल डहरिया, प्र आर रोहित कोमरा प्रआर रामचंद मरकाम आर 718 बुधराम कोर्राम, आर 244 अरूण नेताम में आर 527 जमुना कश्यप की मुमिका सराहनीय रही।

मेले में लगे 32 फूड स्टाल में मिला अमानक खाद्य पदार्थ

- **11 हज़ार से अधिक का जुर्माना, जिला खाद्य औषधि प्रशासन की कार्यवाही**

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर निर्देशानुसार खाद्य एवम औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमल कुमार सिंह औषधि निरीक्षक सुनील मंडावी, लैब टेक्नीशियन प्रमोद पटेल, लैब अटेंडेंट डिगेंद्र साहू, खाद्य विभाग के खाद्य निरीक्षक पूजा थेर, नगर पालिका निगम से केशव जैन की संयुक्त टीम द्वारा कांकेर मेला का दिनांक 8 और 9 जनवरी को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थों की जांच के दौरान सामरत साहू, तेस राम सिन्हा, सुनहेर निषाद के दुकान में कीट पतंगे लगे हुए रसगुल्ला को मौके पर नष्ट कराया गया, संदेश चाउमीन के पास 20 पैकेट फफूंद लगे ब्रेड पाए गए। जिसे नष्ट कराया गया, सोनम साहू जलेबी सेंटर में गुलाब जामुन में बाल पाया गया।सभी दुकानदारों को खुले में विक्रय नहीं करने की चेतावनी दी गई। सामरत साहू होटल, ललेश निषाद होटल, तेजराम सिन्हा होटल, पुरुषोत्तम निषाद होटल, हेमंत निषाद होटल, हेमराज होटल, सोनू राम होटल, संत राम चाट विक्रेता, राजेश नेताम होटल, देवचरण साहू होटल, नरेंद्र पटेल होटल, परस होटल, नकुल राम होटल, गोपाल राम चाट विक्रेता, पुनित दास साहू होटल, कलिमा साहू होटल, कार्तिक साहू होटल, परितोष गाई होटल, अनिल कुमार होटल लालेश्वर साहू होटल, विभाष दास होटल, हालदार चिकन सेंटर, मनोज चाट विक्रेता, अनिल कुमार होटल, समीर चौहान चाट विक्रेता, जयंती लाल होटल, आशा साहू होटल, नरेश साहू होटल, गिरधारी लाल होटल, हेमलाल होटल, चंद्रभान होटल, वीरेंद्र निषाद होटल कुल 32 खाद्य दुकानों से खाद्य पदार्थों में धूल लगे, गंदगी, साफ सफाई नही, ढके नही रहने के कारण कुल 11600 रुपए की जुर्माना वसूल कर खाद्य पदार्थों को सही तरीके से ढंक कर विक्रय करने की समझाइश दी गई।

नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर एनएसएस का शिविर

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई का ग्राम सुतीउरकुली में 2 से 8 जनवरी 2024 नशा मुक्त समाज के लिये युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। जिसका समापन हुआ। इस सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान 50 स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी तुलेश्वर सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में ग्राम सुतीउरकुली के गली मोहल्ले में रखे गये गंदगी, पाऊच ,पन्नी की साफ सफाई की। गांव में लगे हैंडपंप के आस पास की गंदगी एवं नाले की गंदगी की सफाई भी महाविद्यालय के शिविरार्थियों के द्वारा की गई। शास उच्चतर माध्य. विद्या में नल के पानी के संचयन के लिये गढ़ा का निर्माण किया गया। स्कुल परिसर में उगे घास व कचरे की साफ सफाई भी स्वयंसेवको ने शिविर अवधि में किया। शिविर के दौरान शिविरार्थियों द्वारा रोज गतः 5 बजे जागकर सुबह 6 बजे से प्रभात फेरी, पीटी परेड और योग ग्राम संपर्क फिर परियोजना कार्य, बौधिक परिचर्चा, खेलकुद समीक्षा बैठक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम रात 10 बजे तक चलता था। शिविर अवधि में विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवी एवं मार्गदर्शक मंडल द्वारा विकसित भारत, भारतीय संविधान सिविल सर्विसेज की तैयारी, हिन्दी भाषा का महत्व, मूलभूत कानूनी जानकारी, जैविक कृषि, चंद्रयान 'भारत-चीन संबंध, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, एन एस एस का महत्व,मालिक ,भारत की विदेश नीति, अंतर्राष्ट्रीय समसामयिक उद्विकासीय सिद्धान्त आदि विषयों पर स्वयं सेवकों को जानकारी दी गई।

संकुल स्तरीय खेल और सांस्कृतिक स्पर्धा

कोंडागांव/नवप्रदेश। बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए शारीरिक बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा का आयोजन बाखरा में किया गया है। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने बताया कि संकुल केंद्र बाखरा/राजागांव का संयुक्त रुप से ग्राम पंचायत बाखरा के हाई स्कूल में संकुल स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा की शुरुआत की गई। इसमें 10 प्राथमिक एवं 3 माध्यमिक शालाओं के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्पर्धाएं हुई। संकुल स्तरीय खेल के मुख्य अतिथि बालसिंह बघेल जिला पंचायत सदस्य, सरपंच बाखरा भुनेश्वरी बघेल, घुड़न राम पोयाम जनपद सदस्य कोंडागांव, उमा नाग जनपद सदस्य,शामबती नेताम सरपंच राजागांव, सोनसू नेताम सरपंच कुकाड़गारकापाल लुदर पोयम उप सरपंच बाखरा दुकारू राम मंडावी उप सरपंच राजागांव, शोभा राम नेताम उप सरपंच कुकाड़गारकापाल,लुभा सिंह नाग पूर्व जिला पंचायत सदस्य,गुलाम हुसैन सामाजिक कार्यकर्ता,राजू राम दीवान संकुल समन्वयक बाखरा,नरेंद्र जैन संकुल समन्वयक राजागांव,संकुल के समस्त शालाओं के शिक्षक शिक्षिकाएं, कर्मचारी, प्रतिभागी बच्चे,अध्ययनरत बच्चे,रसोइया स्वीपर,जनभागीदारी समिति के सदस्य,महिला स्व सहायता समूह के सदस्य,शालाग्राम के वरिष्ठजन एवं ग्रामीणजन आदि उपस्थित थे।

'महिला लखपति' दीदी पहल की हुई शुरुआत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री के मंशा अनुसार जिला दंतेवाड़ा में भी महिला लखपति दीदी पहल की शुरुआत की जा चुकी है इसे तारतम्य में जिला दंतेवाड़ा में दीदीयों को लखपति बनाने हेतु उनके आजीविका संबंधित सृजन करने हेतु सीआरपी का प्रशिक्षण जनपद गीदम में आयोजित किया गया है जिसमें दिनांक 8 जनवरी 2024 को महिला लखपति प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन द्वारा लखपति सीआरपी को विस्तृत व्याख्यान और मार्गदर्शन दिया गया साथ ही लखपति कैसे बने इसके ऊपर मार्गदर्शन किया उक्त प्रशिक्षण में सीईओ जनपद पंचायत क्रांति ध्रुव मास्टर ट्रेनर एवं डीपीएम एन आर सी एम नितेश कुमार देवांगन एवं मास्टर ट्रेनर बीपीएम एनआरएम वैभव शिव उपस्थित थे।

निर्मल आंगनबाड़ी 'स्वच्छता से शिक्षा की ओर' का शुभारंभ

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आंकाक्षी जिला दंतेवाड़ा के किरंदुल एवं कुआकोण्डा परियोजना (महिला एवं बाल विकास विभाग) में 8 जनवरी 2024 को निर्मल आंगनबाड़ी ''स्वच्छता से शिक्षा की ओर'' अभियान शुभारंभ किया गया। गौरतलब है कि आंकाक्षी भारत सहयोगी पिरामल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ जो आंकाक्षी जिला का प्रमुख विकास सहयोगी संस्था के रूप में जिला दंतेवाड़ा में कार्यरत है। जिसके माध्यम से जिले के 28 आंगनबाड़ी केन्द्रो में निर्मल आंगनबाड़ी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत आंगनबाड़ी परिसर की साफ-सफाई, सामानों को व्यवस्थित रखना, बच्चों की खेलने और पढ़ने की सामग्री को बच्चों की पहुँच में रचनात्मक तरीके से रखने पर जोर दिया गया। आज जिले के 02 परियोजना किरन्दुल एवं कुआकोण्डा से इस अभियान को पूरे जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में चलाने के लिए, केन्द्र को एक मॉडल रूप में प्रस्तुत करते हुए अभियान का लाचिंग किया गया। साथ में ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता को पोस्टर कार्ड देकर इसकी जिम्मेदारी दिया गया। इस मौके पर परियोजना अधिकारी श्रीमती उषा मालवीय, श्रीमती बिन्दु स्वर्णकार, पिरामल टीम से निधि श्रीवास्तव, छोटेलाल यादव, ज्योति बाबू, सिद्धि शिन्दे. अमृता नायक एवं परियोजना के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 गांवों में पहुंचेगी आईईसी वैन

कांकेर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न विकासखंड के ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आईईसी वैन के माध्यम से दी जा रही है और शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए अनुभव साझा किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 10 जनवरी को जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कलेपरस एवं आमागांव, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुंगवाल, बारवी, घोठा एवं कुल्हाड़कट्टा, चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत शाहावाड़ा एवं डोडकावाही, कांकेर विकासखण्ड के पुसावंड एवं अंजनी, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत शंकरनगर, पाडेंगा, घोड़ागांव एवं जानकीपुर तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिहावापारा एवं मुसुरपट्टा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

बिलाईगढ़ में विधायक कविता की आभार रैली

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। नगर पंचायत बिलाईगढ़ में विधायक कविता प्राण लहरे की नगर में रैली निकाल कर लोगों का आभार व्यक्त किया गया। जिसमें विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे का जगह- जगह पर आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया साथ ही साथ जय घोष के साथ नारे लगाते हुए नगर भ्रमण किया गया । इस रैली में विधायक प्रतिनिधि प्राण लहरे,फिलेश जांगड़े,राइस किंग खूंटे,भुवन जांगड़े,दीपक टण्डन,मिथलेश लहरे, रामनारायण भट्ट,बलराम देवांगन, रोहित देवांगन,अशोक सिंघानिया, राजेन्द्र अग्रवाल, सम्भू डडसेना, राजेश पटेल, खगेश पटेल, विजय सारथी, आशीष भट्ट,भोला लहरे, भूपेंद्र यादव, लखेश्वर देवांगन, राजकुमार जांगड़े, दुष्यंत खुंटे,श्रीमती मिथिला जांगड़े, श्रीमती सुरभिप्रिया लहरे,शांति बंजारे,खगेश्वरी साहू, रिजवाना परवीन, अशोक निराला,लव जांगड़े, मनोहर रात्रे, संजय साहू, राहुल मिर्रे, लोकनाथ पटेल, धनजय ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्य, बूथ के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस,महिला कांग्रेस,एनएसयूआई के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों प्रकोष्ठों के पदाधिकारी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि,सरपंच, पंच सहित नगरीय निकाय के सभी जनप्रतिनिधियों सहित सभी समाज के पदाधिकारीगणों ने आभार रैली में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से संवर गई जिंदगी

कांकेर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का दैनिक जीवन बहुत सरल एवं सुगम हो गया है। इस योजना से न केवल उन्हें स्वच्छ ईंधन मिल रहा है बल्कि रसोई धुंआरहित होने से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर भी प्रतिकूल और सकारात्मक प्रभाव पड़ रहे हैं। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम मनकेसरी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में उज्ज्वला योजना की हितग्राही श्रीमती प्रतिभा देवांगन ने बताया कि आज उन्हें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नया गैस कनेक्शन मिला है, इससे उन्हें खाना बनाने में बहुत सहुलियत मिलेगी। पहले उन्हें अपने रसोई में चूल्हे जलाने के लिए दूर जंगल से जलाऊ लकड़ी लानी पड़ती थी। साथ ही लकड़ी के जलने से निकलने वाले धुंए से उनके व बच्चे की आंखों में जलन के साथ दम घुटने जैसी स्थिति बन जाती थी। वहीं बच्चे भी किचन का काम करने से बचते थे। श्रीमती देवांगन ने बताया कि अब इन सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा और गैस के उपयोग से समय की बचत के साथ उन्हें धुएं से भी मुक्ति मिलेगी। इससे रसोई घर के साथ-साथ पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। श्रीमती प्रतिभा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को उज्ज्वला योजना से महिलाओं को मिलने वाली सहूलियत के लिए धन्यवाद दिया।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने शिविर आयोजित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 8 जनवरी 2024 को नाम जोड़ो कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची में शामिल करवाने हेतु महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर के हिरकन, स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार लहरी, अतिरिक्त तहसीलदार कैलाश श्रीवास्तव, सुपरवाइजर और समस्त बी.एल. ओ. की उपस्थिति में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

केंद्र और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को दिलाएं लाभ: कलेक्टर

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने मंगलवार को दंतेवाड़ा विकासखंड के ग्राम मोलसनार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम का अवलोकन किया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। विभागों के स्टाल में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने सार्थक प्रयास करें। शासन की योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही नहीं छूटना चाहिए। इस दिशा में मैदानी स्तर पर सकारात्मक पहल किया जाए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में किये जा रहे उपचार की जानकारी ली और सभी प्रकार के जांच करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड बनाने एवं वितरण के संबंध में भी उन्होंने जानकारी ली। उन्होंने छूटे हुए व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए। जिससे आयुष्मान कार्ड से सभी को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। उन्होंने खाद्य विभाग के स्टॉल में प्रधानमंत्री उज्ज्वला, श्रम एवं उद्योग विभाग के स्टॉल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित अन्य विभागों के स्टॉल पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के कार्यान्वयन स्थिति की पूरी जानकारी ली और कोई भी हितग्राही नहीं छुटने पाए इस हेतु निर्देशित किया कि यह कार्य रणनीति और आपसी समन्वय से ही पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही राजस्व विभाग को नक्शा, खसरा, बी-1 सहित अन्य राजस्व के संबंध में सभी जानकारी लोगों को देने के निर्देश दिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा की रूपरेखा, उसके कारगर क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए सांसद-विधायक

- **पीएम निधि योजना आवास योजना सहित केंद्र सरकार की कई योजनाओं के चेक सहित प्रमाण पत्र वितरित**

कांकेर/नवप्रदेश। मंगलवार को कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी नरहरपुर वार्ड क्रमांक 05 में आयोजित ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां उन्होंने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्व निधि योजना का चेक, उज्जवला योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना व विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित किए और वहां उपस्थित लोगों को शपथ दिलाएं। सांसद ने सभी विभागों द्वारा लगाएं गए स्टॉल का निरीक्षण किया। सांसद ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कैलेंडर का विमोचन किया। साथ ही सांसद मोहन मंडावी ने स्थानीय लोगों से केंद्र सरकार से मिलने वाली योजनाओं के बारे में चर्चा की। सांसद ने कहा कि भारत को विकसित करना हमारा संकल्प हैं।इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इस संकल्प को पूरा करने के लिए ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ की शुरुआत की। जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक योग्य व्यक्ति तक पहुंचा पाएं।इस अवसर पर कांकेर विधायक आसाराम नेताम पूर्व मछुआ बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी रोशन सिंह ठाकुर नरहरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्यारी सलाम नपा उपाध्यक्ष दिनेश पटेल नरहरपुर मंडल अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि मुकेश संचेती, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भूपेश नेताम जस्सू वीरेन्द्र शुक्ला पार्षद शिवचरण मंडावी पार्षद विरेन्द्र जैन व बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

शिकायतों और मांगों के लिए टोल फ्री नंबर जारी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के आम नागरिकों के शिकायतों और मांगों के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा मोबाइल नंबर- 9302706669 जारी किया जा रहा है, इस प्रकार कोई भी व्यक्ति इस मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप या कार्यालय समय में कॉल कर अपनी बात प्रशासन तक पहुंचा सकता है जिनका निराकरण समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

यातायात नियमों का पालन करने दी जा रही समझाइश

नारायणपुर/नवप्रदेश। यातायात नियमों, चालक लाईसेंस एवं वाहनों के वैध दस्तावेजों के संबंध जिला परिवहन अधिकारी अनिल गाडगे ने जानकारी दिया है कि वाहनों के चेकिंग के दौरान पाया गया है कि प्रायः ज्यादातर वाहन चालक बिना लाईसेंस, वाहनों के वैध दस्तावेज एवं यातायात नियमों का पालन किये बिना वाहनों का संचालन करते हैं, इसके साथ ही चार पहिया वाहनों को बिना सीट बेल्ट एवं दो पहिया वाहनों को बिना हेलमेट लगाये तथा तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटना घटित होने की प्रबल आशंका बनी रहती है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

अयोध्या और काशी की...

स्टेशन तक लाने एवं वापस ले जाने की व्यवस्था संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा की जाएगी। इसके लिए उन्हें बजट उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक जिले से यात्रियों के साथ एक सक्षम शासकीय अधिकारी अथवा एक छोटा दल भेजा जाएगा।यात्री दुर्ग-रायपुर, रायगढ़ एवं अंबिकापुर से रेल द्वारा गन्तव्य स्थल के लिए रवाना होंगे। यात्रा का मूल गन्तव्य अयोध्या धाम रहेगा। इसके साथ ही वाराणसी में एक दिन का रात्रि विश्राम, काशी विश्वनाथ मंदिर एवं कॉरीडोर तथा गंगा आरती का दर्शन का लाभ भी यात्रियों को मिल सकेगा। वर्तमान में आईआरसीटीसी द्वारा प्रत्येक सप्ताह में एक ट्रेन उपलब्ध करायी जाएगी। भविष्य में ट्रेन की उपलब्धता अनुसार यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जा सकेगी।

भारत अगले 25 साल...

ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर है। इसकी झलक ट्रेड शो में देख सकते हैं। मेरा आग्रह है सभी लोग ट्रेड शो जरूर देखें। इन सेक्टर्स में इन्वेस्टमेंट के लिए लगातार नए अवसर बन रहे हैं। अगर भारत की ग्रोथ में इतना मोमेंटम दिख रहा है, तो इसकी वजह बीते 10 साल में किए गए इंफ्रास्ट्रक्चर रिफ ॉर्म पर फ ोकस है। भारत लॉजिस्टिक्स पर भी तेजी से काम कर रहा है। 10 साल पहले भारत में 74 एयरपोर्ट थे आज भारत में 149 एयरपोर्ट हैं। नेशनल हाईवे नेटवर्क दो गुना और मेट्रो ट्रेन नेटवर्क 3 गुना से ज्यादा बढ़ चुका है। गुजरात हो महाराष्ट्र हो या इस्टर्न कोस्ट लाइन हो इनको आज डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा...

उन्होंने भगवान राम के अस्तित्व को नकार दिया और सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई में देरी की। इसलिए, कांग्रेस पार्टी का आधिकारिक तौर पर यह कहना कि वह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं होगी, इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित 6000 दिग्गज शामिल होंगे, जिनमें 4000 संत और करीब 2200 मेहमान हैं।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस को ...

परिस्थितियों की पूरी रिपोर्ट लेंगे। कुछ दिनों पहले दिल्ली दौरे से लौटे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था कि नए प्रभारी का मार्गदर्शन लिया जाएगा। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भी दिल्ली में उनसे मुलाकात की थी। इसके साथ ही बैठक में विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश कांग्रेस में बढ़ी अंतर्कलह से निपटने पर भी चर्चा की उम्मीद है। सचिन पायलट की प्रदेश युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ भी चर्चा होगी।

लोकसभा चुनाव को लेकर...

40 से ज्यादा पर भाजपा जीती थी। भाजपा के चुनाव अभियान से जुड़े नेता का कहना है कि ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, असम और बंगाल आदि में इस बार कद्दावर नेताओं को उतारा जाएगा। उत्तर प्रदेश-बिहार की कुछ सीटों पर भी ऐसा ही प्रयोग होगा। महाराष्ट्र-बिहार में सियासी समीकरण आंकड़ों के लिहाज से कठिन दिख रहे हैं, इसलिए यहां बड़े अंतर से जीती गई आधा दर्जन सीटों पर मजबूत प्रत्याशी उतारे जाएंगे। 2019 में भाजपा 303 सीटें जीती थी। 240 सीटें अन्य दल जीते थे। इनमें कुछ एनडीए, कुछ यूपीए की तो कुछ अन्य की थीं। लिहाजा 40 सीटों का उलटफेर बड़ा बदलाव ला सकता है। इस लिहाज से 2 प्रतिशत से कम मार्जिन वाली 48 सीटें अहम हो जाती हैं। बिहार में नीतीश विरोधी खेमे में चले गए हैं।

पूर्व सीएम भूपेश के...

बघेल के पार्थिव शरीर को रायपुर के पाटन सदन में रखा गया था। यहां सियासत से जुड़े लोग उनके अंतिम दर्शन करने पहुंच रहे थे। मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने परिवार से मुलाकात की। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरुण साव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव मौजूद थे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा ...

यात्रा का मकसद अशांत मणिपुर के लोगों के घावों को भरना और नफरत खत्म करके प्रेम का संदेश फैलाना है। दिल्ली में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल ने इस यात्रा का रोड मैप और पैम्फलेट जारी किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करेंगे। यह यात्रा मणिपुर से शुरू होकर 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी। लोकसभा चुनाव से करीब 4 महीने पहले होने वाली यह यात्रा 14 राज्य और 85 जिलों को कवर करेगी।

नपा में कांग्रेस के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

- **कांग्रेस पार्टी का अंदरूनी मामला है भाजपा दखलदांजी ना करें: पालिकाध्यक्ष रॉय**

किरन्दुल/नवप्रदेश। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले की लौह नगरी किरंदुल की नगरपालिका परिषद में अविश्वास प्रस्ताव का मामला लगातार राजनैतिक तूल पकड़ता ही जा रहा है। इस अविश्वास प्रस्ताव से जहाँ काँग्रेस पार्टी आश्चर्य चकित हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी किरंदुल पालिका में निर्वाचित अपने 3 पार्षदों के साथ इस अविश्वास प्रस्ताव पर लगातार नजर बनाए हुए है।

दो दिन से जारी घटनाक्रम के बीच किरंदुल पालिकाध्यक्ष मृणाल राय ने बयान जारी कर कहा कि जैसे ही विधानसभा चुनाव का परिणाम आया और कांग्रेस को उम्मीद से विपरीत जनादेश मिला तो उन्होंने तुरंत अपनी पार्टी के 12 पार्षदों के साथ बैठक कर हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अध्यक्ष पद से त्यागपत्र देने की बात रखी। इस पर सभी 12 पार्षदों ने त्याग पत्र की बात को मना करते हुए एकजुट होकर रहने की बात कही। परंतु ना जाने किस बहकावे में आ कर इस प्रकार के अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन कलेक्टर को दिया गया। उनके द्वारा इसकी सूचना कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी को दे दी गई है। साथ ही ये भी कहा कि हम आज भी ऊर्जावान हैं और भविष्य में भी रहेंगे । कांग्रेस पार्टी संगठन से भी निवेदन करते हैं कि इस मामले पर उचित कार्यवाही की जाए उन्हें पार्टी संगठन पर पूरा भरोसा हैं।

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)
छ.ग. हाट परिसर, महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट के पास, पण्डरी, रायपुर (छ.ग.)
Phone/Fax: 0771- 4016500 Email:- cghandicrafts@gmail.com
Website:- www. cghandicraft.cgstate.gov.in
क्रमांक/944/हस्तशिल्प/विप./2023-24 रायपुर, दिनांक 09/01/24

:: रूचि की अभिव्यक्ति की सूचना ::

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के अवसर पर 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' की थीम / विषय को दर्शाती ग्रामोद्योग विभाग की झांकी निर्माण किया जाना है, जिस हेतु योग्य अनुभवी फर्म / कम्पनी / संस्थानों से रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से निविदा मुख्यालय, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़ हाट परिसर, पण्डरी रायपुर में दिनांक 17/01/2024 समय 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, प्राप्त निविदा दिनांक 17/01/2024 को अपरान्ह 03.00 बजे निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा। निविदा प्रपत्र राशि रू. 2,000/- नगद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अंतिम निर्णय प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्तों का अवलोकन विभागीय वेबसाईट

प्रबंध संचालक
छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड
रायपुर (छ.ग.)
संवाद- 39326/2

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

15 दिन के भीतर आवेदनों का निराकरण करें

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर संदीपन की अध्यक्षता में मंगलवार को पहली समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति की समीक्षा के साथ जिले में धान खरीदी और उठाव, कोविड की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जनदर्शन में मिलने वाले आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आवेदनों के निराकरण पर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनदर्शन में आने वाले आवेदनों का यथा संभव 15 दिनों के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आवेदकों से मिलने वाले आवेदन पर कार्यवाही और उसके निराकरण की जानकारी आवेदक को भी उपलब्ध कराई जाए। जिससे आवेदक को भी जानकारी रहे कि उनके आवेदन को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की गई है, और वे संतुष्ट हों। उन्होंने कहा कि इस तरह से आम जन का प्रशासन पर विश्वास बढ़ेगा।

12 जनवरी को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर के द्वारा 12 जनवरी दिन शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। नियोजक देवी एसोसिएट पता जो?। पीपल के पास महाराजा गली अम्बिकापुर अंतर्गत कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव पद हेतु 2 रिक्तियां है, इसके लिए निर्धारित योग्यता 12वीं पास और इसकी संभावित वेतन इंसेंटिव सहित 8000 है। इसी प्रकार एसीस्टेंस सेल्स मैनेजर पद के लिए 5 रिक्तियां है, इसके लिए निर्धारित योग्यता 12वीं पास है और संभावित वेतन 12000-15000 है। एडवाईजर या बीए पद के लिए 20 रिक्तियां है, इसकी निर्धारित योग्यता 10वीं पास है और इसकी वेतन कमिशन बेस पे है। लीड जनरेटर एलजी पद के लिए 5 रिक्तियां है, इसकी निर्धारित योग्यता 10वीं पास है और इसकी 15000 फर्फोरमेंस बेस पे है। ऑफिस बॉय के लिए 1 रिक्ति है, इसकी योग्यता 10वीं पास है और इसकी संभावित वेतन 6000 रुपए बताई गई है। जिले के इच्छुक ऐसे समस्त आवेदक, जो उपरोक्त पदों हेतु योग्यता रखते हैं, वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता का अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कार्ड की मूलप्रति एवं इन सभी की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गंगापुर खुर्द अम्बिकापुर में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिले में कुल 27662 किसानों से 1509503 क्विंटल धान की खरीदी 51 समितियों के माध्यम से की गई है। उन्होंने बताया कि कुल 1298150 क्विंटल धान हेतु डीओ जारी किया गया है। जिले में अब तक उठाव किए गए धान की मात्रा 1028468 क्विंटल है। उन्होंने बताया कि सरगुजा जिले में धान बेचने हेतु कुल पंजीकृत कृषक संख्या 58409 हैं, और पंजीकृत धान का रकबा 74770 हेक्टेयर है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 288134 मीट्रिक टन है। धान खरीदी के साथ ही रकबा समर्पण की कार्यवाही भी जारी है जिसके तहत 384.615 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया गया है। बता दें कि कलेक्टर विलास भोस्कर संदीपन के कुशल मार्गदर्शन में जिले के धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर क?ी निगरानी रखने, धान खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने और खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मिलर्स को लक्ष्य के अनुरूप डी. ओ. जारी कर धान उठाव की मात्रा में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश अनुरूप धान उपार्जन केन्द्रों में राजस्व एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार धान खरीदी कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा है कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर ने जनदर्शन में आम लोगों की सुनी समस्याएं

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में आज सक्ती तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम नंदीरखुर्द निवासी सोनिया राठौर ने शैक्षणिक निधि के संबंध में आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची, उन्होंने बताया कि अभी वर्तमान में शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय जगदलपुर में अध्ययनरत हूं। मेरे पिता जी मध्यम वर्गीय कृषक है व माता गृहणी है और मैं शिक्षण शुल्क देने में असमर्थ हूं। जिसके वजह से मुझे शिक्षण शुल्क को देने हेतु शैक्षणिक निधि की आवश्यकता है। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार आज जनदर्शन में हसौद तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम नगारीडीह निवासी राजू कुमार पिता परमेश्वर ने दैनिक वेतन भोगी पद पर यथावत रखने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे, उन्होंने बताया कि मैं प्री.मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रवास हसौद में दैनिक वेतन भोगी पद पर कार्यरत हूं। लेकिन वहां के अधीक्षक द्वारा पंजी पर हस्ताक्षर व पंजी पत्रक कार्यालय में जमा नहीं कर रहे है । जिसके वजह से आज मैं जनदर्शन में मुझे प्री.मै. अनु. जाति बालक छात्रवास हसौद में यथावत रखने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचा हूं। कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारी को शीघ्र ही त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार इसी प्रकार जनदर्शन में अड़भार तहसील के ग्राम सेरो निवासी कौशिल्या बाई ने जमीन की सीमांकन कराने पर जमीन को नापने नहीं देने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे, हकीम रजा खान एवं अन्य 04 वार्ड 18 स्टेशन मोहल्ला सक्ती निवासी ने मूलभूत सुविधाओं के अभाव में ग्रापं में शामिल करने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे, बाराद्वार तहसील के ग्राम रायपुरा निवासी महादेव प्रसाद साहू ने जमीन सम्बन्धित आवेदन लेकर पहुंचे।

कमिश्नर ने मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के कमिश्नर श्याम धावड़े ने आज जिले के चारामा विकासखण्ड के ग्राम लखनपुरी, कानापोड़ तथा जैसाकर्रा के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ से मतदाता जनसंख्या अनुपात (इपिक रेशो), कुल मतदाताओं की संख्या, महिला एवं पुरूष मतदान प्रतिशत एवं अन्य आवश्यक जानकारी ली। कमिश्नर श्री धावड़े ने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल, शौचालय, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध होना चाहिए। इस दौरान आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नये मतदाताओं का नाम जोड़ने, मतदाता सूची में त्रुटि सुधार एवं हटाने संबंधी कार्यों की भी जानकारी ली और निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण करने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के युवा एवं पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने से छूट ना पाए। इस अवसर पर चारामा एसडीएम राकेश गोलछा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

पंजीयन, नवीनीकरण के लिए लगाई गई कर्मचारियों ड्यूटी

नारायणपुर/नवप्रदेश। श्रमायुक्त के निर्देशानुसार मोबाइल कैंप आयोजित कर पंजीयन, नवनीकरण, संशोधन हेतु विकासखण्ड अनुसार अलग अलग दिनांक को शिविर निर्धारित करते हुए कार्यालय श्रम पदाधिकारी नारायणपुर में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विकासखण्ड ओरछा के ग्राम कंदाड़ी और कुरूसनार में 11, 12 और 15 जनवरी को शिविर लगाई जाएगी, जिस हेतु कंदाड़ी में श्रम कल्याण निरीक्षक शेखर देवांगन, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर अमृत मण्डावी, सुनील कुमार विनोदिया तथा कुरूसनार में श्रम कल्याण अधिकारी डोमेश ठाकुर, श्रम कल्याण निरीक्षक रमेश कुमार कुमेटी और डाटा एन्ट्री ऑपरेटर मुकेश कुमार कोर्राम की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह कुंदला और कोहकामेटा में 16, 17, 18 जनवरी तथा ओरछा में 6, 7 फरवरी और आकाबेड़ा में 29, 30 तथा 31 जनवरी को शिविर लगाई जाएगी। नारायणपुर विकासखण्ड अंतर्गत माहका और बिंजली में 19, 22 और 23 जनवरी को, ब्रेहबेड़ा में 29, 30, 31 जनवरी को, केरलापाल और खैराभाट में 1, 2, 5 फरवरी को, बम्हनी में 6, 7, 8 फरवरी को, देवगांव और दुग्गाबेंगाल में 9, 12, 13 फरवरी को, कोचवाही और ताड़ोपाल में 14, 15, 16 फरवरी को, भाटपाल और आमगांव में 19, 20, 21 फरवरी को, पालकी और कोलियारी में 22, 23, 26 फरवरी को, गौरदण्ड और छोटेडोंगर में 27, 28, 29 फरवरी को, कन्हारगांव और तारागांव में 1, 4 तथा 5 मार्च को मोबाईल कैम्प शिविर आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों हेतु श्रम विभाग के श्रम कल्याण निरीक्षक शेखर देवांगन, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर अमृत मण्डावी, सुनील कुमार विनोदिया, श्रम कल्याण अधिकारी डोमेश ठाकुर, श्रम कल्याण निरीक्षक रमेश कुमार कुमेटी तथा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर मुकेश कुमार कोर्राम की ड्यूटी लगाई गई है। श्रम पदाधिकारी के निर्देशानुसार सभी अधिकारी कर्मचारी प्रातः 10 बजे शिविर स्थल में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही प्रत्येक शिविर की सामाप्ति पश्चात प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों की जानकारी नोडल अधिकारी रेखराज धलेन्द्र (श्रम निरीक्षक) को अवगत कराएं।

जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 12 को

जांजगीर/नवप्रदेश। जिला रोजगार कार्यालय जॉंजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 12 जनवरी 2023 दिन मंगलवार को जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक बाम्बे इंटीलिजेन्स सिक्युरिटी इंडिया लिमिटेड रायपुर द्वारा सिक्यिुरिटी गार्ड के 90 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उक्त पद पर शैक्षणिक योग्यता 10 उत्तीर्ण एवं शारीरिक मापदण्ड 5 फीट 6 इंच रखा गया है। कंपनी द्वारा वेतन 12000 से 17000 निर्धारित किया गया है। चयनित आवेदकों का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ रहेगा। प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेने के इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है एवं अधिक जानकारी के लिए, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर चांपा से संपर्क कर सकते है।

राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि राजस्व के समय-सीमा से बाहर वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। उन्होंने राजस्व कार्य के लिए जिले में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने पर जोर देते हुए विभिन्न शाखाओं के साथ-साथ मैदानी स्तर पर निराकरण करने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में राजस्व प्रकरण के दर्ज, निराकरण एवं लंबित की स्थिति का जायजा लेकर अधिकारियों को अपने स्तर पर लंबित प्रकरणों का निराकरण करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने राजस्व के दर्ज, निराकृत और लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही तहसील वार अविवादित नामांतरण, शासकीय भूमि का अतिक्रमण को रोकने और जुर्माना वसूली, असीमांकित क्षेत्र की सर्वे, नवीनीकरण और ऑन लाइन भुइयां पोर्टल में अपडेशन जैसे मामलों पर विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर ने की आदिवासी विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदिवासी विकास विभाग के विभागीय योजनाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने वनाधिकार अधिनियम अंतर्गत सामुदायिक वनसंसाधन में उद्यानिकी एवं अन्य विभागों को कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत राहत प्रकरणों के लिए राशि समय पर स्वीकृत करने को कहा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, अनावद्ध, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना एवं डी.एम.एफ अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों समय-सीमा में पूर्ण करने, छात्रावासों में उपलब्ध करायी गई सामग्रीयों के रख रखाव, स्टॉक एवं अन्य पंजियों को अद्यतन रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने छात्रावास, आश्रमों के शिष्यवृत्ति के लिए शिष्यवृत्ति पोर्टल में विद्यार्थियों की एन्ट्री प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने अधीक्षकों को छात्रावास में निवासरत रहकर नियमित रुप से अध्यापन, क्लास के साथ-साथ शनिवार एवं रविवार को बच्चों के लिए विशेष कोचिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास, आश्रम में ऐसे बच्चे जो अच्छी सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में चयन हुआ हो उसका फोटोग्राफ विवरण सहित लगाया जाना है ताकि वहां के बच्चे उससे प्रेरित हो। छात्रावास, आश्रम में बच्चों को मेनू के आधार पर अच्छा पोषित एवं स्वच्छ भोजन दिये जाने के निर्देश भी दिये गये। उन्होंने जांजगीर-चांपा जिले हेतु क्रीड़ा परिसर एवं एकलव्य विद्यालय के मांग के लिए प्रस्ताव भेजने को कहा है। बैठक में अपर कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त लवीना पाण्डेय, सहायक लेखाधिकारी सुरेन्द्र खरे, उपअभियंता निखिल स्वर्णकार सहित समस्त मण्डल निरीक्षक एवं कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।

योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन का लक्ष्य करें पूरा-कलेक्टर

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने इस दौरान जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा, पीएम जनमन योजना सहित धान खरीदी तथा अन्य विषयों पर अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर गोयल ने पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि हमें 14 जनवरी तक जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवार के सभी सदस्यों का चिन्हांकन कर उन्हें शासन की सभी मूलभूत सेवाओं और योजनाओं से जोड़ना है। कलेक्टर श्री गोयल ने बिरहोर समुदाय के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिरहोर परिवारों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने की दिशा में विशेष अभियान चलाने के निर्देश लीड बैंक मैनेजर को दिए।

प्रशासन और पुलिस के बीच हो तालमेल कलेक्टर

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर जिले में लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में कहा कि फील्ड में प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल के साथ काम करते दिखें और कानून व्यवस्था में कसावट लाएं। लॉ एंड ऑर्डर भंग करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाए। जिले वासियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कलेक्टर श्री गोयल ने सभी अनुभाग के एसडीएम और पुलिस अधिकारियों से वहां लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मसलों पर विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि रायगढ़ एक औद्योगिक जिला है। यहां लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े कई मामले सामने आते हैं। जिसे नियंत्रित करने के लिए प्रशासन और पुलिस की टीमों को सतर्कता और मुस्तैदी से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। छेड़खानी जैसी घटनाएं बिलकुल नही होनी चाहिए, शिकायत पर तत्काल सख्त कार्यवाही करें। कानून व्यवस्था भंग करने वालों को चिन्हांकित कर उन पर निगरानी रखें और जरूरत पड़ने पर कड़ी कार्यवाही करें। धान खरीदी के मद्देनजर कलेक्टर श्री गोयल ने निर्देश देते हुए कहा कि खरीदी में 15 दिन शेष हैं। अवैध धान आवक की संभावना होती है, इसे रोकने कड़ी चौकसी जरूरी है, अतः बॉर्डर इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों के जिम्मे होती है। अतः वे और उनकी पूरी टीम आपसी समन्वय से काम करेंगे तो उसके बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

जिले में 332 ग्रामों में पहुंचीं विकास यात्रा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सभी पंचायतों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत लखनपुर के ग्राम पंचायत निम्हा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी इस संकल्प यात्रा के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने की इस महत्वाकांक्षी योजना हेतु विधायक श्री अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया और लोगों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। निम्हा में आयोजित संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 210 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। जहां 10

हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया और 79 लोगों की सिकल सेल जांच की गई। इस मौके पर बच्चों तथा ग्रामीण कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासन की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य पूर्व निर्धारित स्थानों में लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 332 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आयोजित किए गए हैं, जिसमें 2 लाख 06 हजार से ज्यादा लोगों को जनहितैषी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है। संकल्प यात्रा शिविर में ओडीएफ पंचायतों को अभिनंदन पत्र प्रदाय किए जा रहे हैं। साथ ही अब तक 357 स्थानीय खिलाड़ियों और 908 स्थानीय कलाकारों को सम्मानित भी किया गया है।

पहाड़ी कोरवा बच्चियों का सुकन्या खाता खुलवाया गया

अंबिकापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले में 174 विशेष पिछ?ी जनजाति पहा?ी कोरवा बहुल बसाहटों में 9 केंद्रीय मंत्रालयों को 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का आगामी तीन साल में शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है। जिसमें संपर्क स?कें, पेयजल की उपलब्धता, विद्युतीकरण, आवास, बैंक खाते सहित विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते खुलवाने पर चर्चा के दौरान कलेक्टर विलास भोस्कर संदीपन ने कोरवा बच्चियों के खाते खुलवाने में गरीब परिवारों की मदद करने की मंशा के साथ प्रशासनिक टीम को आर्थिक मदद के लिए प्रेरित किया जिसमें बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने हाथ आगे बढ़ाए हैं। बैठक में मौजूद कलेक्टर सहित 46 अधिकारियों ने 500

से ज्यादा आर्थिक रूप से कमजोर बच्चियों की खाता खुलवाने में आर्थिक मदद की है। कलेक्टर ने कहा कि बच्चियों के परिवारों को इस योजना के लाभ और इसे नियमित रखने की पूरी जानकारी दें जिससे बच्चियों को योजना का शत प्रतिशत लाभ मिले। इस संवेदनशील पहल में सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल, एसडीएम सीतापुर श्री रवि राही, एसडीएम अम्बिकापुर फागेश सिन्हा और ईई पीडब्ल्यूडी वीके बेदिया ने सर्वाधिक 20-20 बच्चियों की मदद के लिए योगदान दिया।

बता दें कि सुकन्या समृद्धि योजना, वित्त मंत्रालय द्वारा विशेष रूप से बालिकाओं के लिए एक छोटी जमा योजना है। इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओ बेटी प?ाओ अभियान के एक भाग के रूप में लॉन्च किया गया था। यह योजना एक ल?की की शिक्षा के खर्च को पूरा करने के लिए है। 14 दिसंबर 2014 को भारत सरकार द्वारा अधिसूचित यह योजना माता-पिता को अपनी बेटी की भविष्य की शिक्षा के खर्चों के लिए एक फंड बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। कोई भी व्यक्ति इस योजना के तहत डाकघरों या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और तीन निजी क्षेत्र के बैंकों एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक की शाखाओं के माध्यम से आवेदन कर सकता है। खाता बालिका के माता-पिता या कानूनी अभिभावक द्वारा खोला जा सकता है।

जिला अस्पताल में सर्दी-खासी के मरीजों की कतार

मुंगेली/नवप्रदेश। जनवरी के महीने में ठंड-गर्मी का मौसम एक साथ आने की वजह से सर्दी-खांसी की शिकायत आम हो गई है। दो तरीके के मौसम की वजह से एहतियात बरतने वाले डॉक्टर भी इससे नहीं बच पा रहे है। जिला अस्पताल के कई चिकित्सक इन दिनों जुकाम से पीड़ित है। ठंड के मौसम सर्दी की शिकायत होना आम बात है, अक्सर यह परेशानी मौसम के शुरुआत में होती है।

इस बार जनवरी महीने में रात का तापमान सामान्य से अधिक होने की वजह से ठंड-गर्मी दोनों महसूस हो रही है और कफ-खांसी की शिकायत लंबे समय तक साथ नहीं छोड़ रही है। चिकित्सकों के मुताबिक थोड़ी लापरवाही से लोग इस मौसमी बीमारी का शिकार हो रहे हैं और अस्पतालों में बड़ी संख्या में इस तरह की समस्या लेकर लोग पहुंच रहे हैं। आमतौर पर सर्दी की समस्या तीन से चार दिन की दवा से दूर हो जाती थी, मगर इस बार परेशानी आठ से दस दिन तक पीछा नहीं छोड़ रही है। आम लोगों के साथ विशेष सावधानी बरतने वाले डॉक्टर भी इससे खासे परेशान हैं। जिला अस्पताल में कार्यरत कई चिकित्सक इन दिनों सर्दी-जुकाम की समस्या से पीड़ित है और आने वाले मरीजों के इलाज के साथ अपना भी उपचार कर रहे हैं। चिकित्सकों के मुताबिक सर्दी-खांसी की समस्या दूर करने के लिए अन्य दवाओं के साथ एंटीबायोटिक दवाओं की जरूरत भी पड़ रही है। इसकी वजह से दवा दुकानों में भी एंटीबायोटिक दवाओं की डिमांड बढ़ी हुई है। देर से ही ठीक हो रही इस बीमारी की वजह से मरीजों को डॉक्टरों के पास दो बार जाना पड़ रहा है।

मौसम में बदलाव का असर

पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी है। ज्यादातर की शिकायत सर्दी, खांसी, बुखार जैसी समस्या है। इलाज के लिए उन्हें अन्य दवाओं के साथ एंटीबायोटिक की जरूरत भी पड़ रही है।
-डॉ. एम.के. राय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला अस्पताल मुंगेली

मतदाता सूची में नाम जोड़ना-हटाना और सुधार 22 तक

सारंगढ़/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची के कार्यों का फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य अधिसूचना जारी किया है। इसके अंतर्गत 6 जनवरी 2024 से मतदाता सूची प्रारूप का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इस सूची में जिन मतदाताओं का नाम विलोपित है या सुधार या नाम जुड़वाना है, वो 22 जनवरी 2024 तक करवा सकते हैं। नये मतदाता जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं वो भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इस अवधि में स्कूल, कालेज सहित जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा।

संतोष राष्ट्रपति के हाथों होंगे सम्मानित

सक्ती/नवप्रदेश। स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 पुरस्कार हेतु सक्ती निवासी संतोष विश्वकर्मा जो मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर गोबरा नवापारा में पदस्थ रहकर राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने जा रहे है । 11 जनवरी 2024 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर, आईटीपीओ, नई दिल्ली में आयोजित किया गया है राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। संतोष विश्वकर्मा जो वर्तमान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर गोबरा नवापारा में पदस्थ है ।

हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवर संघ हड़ताल पर

नगरी/नवप्रदेश। ड्राइवर संघ एक दिनी हड़ताल पर हैं। नए कानून के विरोध में ड्राइवर संघ का कहना है कि यदि यह काला कानून सरकार वापस नहीं लेती है तो ड्राइवरों द्वारा वाहन नहीं चलाने का निर्णय लिया गया है। वह अन्य कार्य कर परिवार के भरण पोषण करेंगे। यात्री बस बंद होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है वो अपना आवश्यक कार्य नहीं कर पा रहे हैं संपूर्ण छत्तीसगढ़ के ड्राइवर संघ द्वारा एक दिनी हड़ताल पर हैं। सरकार से आग्रह कर रहे हैं कि नए कानून को वापस लें ।

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए 'अक्षत निमंत्रण महाअभियान'

गरियाबंद/नवप्रदेश। अयोध्या से आए अक्षत कलश के भव्य दर्शन व घर घर अक्षत और आमंत्रण देने की शुरुआत गरियाबंद में प्रयागराज पहुंचे भगवताचार्य शान्तनु महाराज के द्वारा देवी शीतला मंदिर से किया गया। उपाध्याय परिवार द्वारा गरियाबंद के गाँधी मैदान में आयोजित श्री मद भागवत कथा में पहुंचे शांतनु महाराज ने कलश के घर घर पहुंचाने का उद्देश्य बताया। इस कलश में जो पीले चावल हैं उनको गरियाबंद और आस-पास के गाँव में हर परिवारों को घर-घर जाकर आमंत्रित कर रहे हैं। उन्हें अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम मंदिर उद्घाटन में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश भर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए 'अक्षत निमंत्रण महा अभियान' चल रहा है। यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में घर-घर जाकर राम मंदिर से जुड़ा पर्चा और अक्षत बाँटने का अवसर मिल रहा है। हमारे भगवान श्री राम 500 वर्षों के वनवास के बाद अपने घर लौट रहे हैं। ऐसे में घर-घर जाकर हमें बताना होगा कि वो प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अपने आसपास के मंदिर में पहुँचें , दर्शन पूजन करें । सब लोगों को अपने स्थानीय मंदिरों में इकट्ठा होना चाहिए, उन्हें सजाना चाहिए, दीये जलाने चाहिए और प्रार्थना करनी चाहिए.÷ हर ÷परिवारों को कम से कम 11 दीये जलाने के लिए भी कहा , जिसे एक शुभ संख्या माना जाता है. परिवारों को अपने घरों और पड़ोस को दिवाली से पहले जैसी साफ-सफाई करने के लिए भी कहा। अक्षत के साथ अयोध्या के मंदिर निर्माण ट्रस्ट द्वारा भेजा गया सन्देश भी लोगों को दिया जा रहा है। साथ ही राम मंदिर की तस्वीर है, जिसे घर में लगाने के लिए कहा गया है।

मौहाबहरा में मड़ई आज

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम मौहाबहरा में 11 जनवरी को मौहाबहरा मड़ई का आयोजन किया गया है। इस मड़ई को लेकर शीतला पुजारी रहिपाल मरकाम ने कहा कि मौहाबहरा बाजार होता है। जिसके चलते मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर शीतला पुजारी रहिपाल मरकाम , गिरधारी मरकाम,सुमेर सिंह मरकाम,सत्य प्रकाश नेताम, अर्जून सिंह ओटी, कन्हैया मंडावी,थान सिंह, देवराम, गौतम, दिनेश, चैनल सिंह, गैदलाल, भगवान, मनराखन, नकुल, केशनाथ, किरतन, शिव, गिरधारी, भगवानी, रोहित,हरक, रामभुवन,लखन मरकाम, विशेष छेदैहा, फुलचंद मरकाम, परमानंद, जगदीश,भगवनी, रामस्वरूप, माखन, पोखन, राकेश, तओमएश, परमजीत, विमल, धनसोरी, पुनारद, शयाम लाल, कोटवार,शंकर लाल,आंनद ,भानुराम, मानिकराम, भारत, मंगल,डोमरा,तिलक आदि ने आसपास के गांव के लोगों से सामिल होने की अपील की है। इस अवसर पर रात में सप्तऋषि के छांव नाचा पार्टी फरसापानी का कार्यक्रम होगा।

कोचिये से 19 पौवा शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला में 8 जनवरी को अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री हेतु परिवहन करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी युगलकिशोर पारधी पिता जीवन लाल पारधी उम्र 24 साल साकिन बोरसी पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। कोचिये से 19 पौवा देशी मसाला शराब किमती 2090 रूपये, बिक्री रकम 1400 रूपये, कुल जुमला 3490 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

सुरक्षा बल के जवानों ने ध्वस्त किया नक्सल कैंप

गरियाबंद/नवप्रदेश। मैनपुर के कुल्हाड़ीघाट पहाड़ पर मंगलवार 9 जनवरी को नक्सल कैंप को ध्वस्त करने में पुलिस को सफलता मिली। जानकारी के अनुसार मैनपुर ब्लाक के मटाल पहाड़ पर नक्सलियों के कैंप को सुरक्षा बल के जवानों ने ध्वस्त कर दिया है। नक्सली कैंप की सूचना पर सी आर पी एफ ई 65, डीआरजी व सीआरपीएफ की टीम ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान कैंप पर हमला से पहले डेरा छोड़ नक्सली भाग निकले। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले को मिली तकनीकी जानकारी के आधार पर भालूडीगी के नजदीक मटाल के पास नक्सली कैंप को ध्वस्त करने में जिला पुलिस को सफलता मिली है। डीआरजी कमांडेट वी के सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस बल की ई30, सीआरपीएफ 65 बटालियन साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया। कुल्हाड़ीघाट कैंप से 15 किमी दूर जवान पहुंचेसीधी मुकाबला के लिए पहुंच गए. तब कैंप में मौजूद 25 से 30 नक्सली मौजूद थे। सुरक्षा बलों को सामने देखकर नक्सली चौकन्ने हो गए। बिना मुकाबला किए भाग खड़े हुए। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद अमित तुकाराम कांबले ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि कैंप से किराना सामान, छाता, ठंड के कपड़े, पिठ्ठू बैग,साहित्य व बर्तन समेत दैनिक उपयोगी सामान जब्त की गई है।

22 जनवरी तक कर सकते हैं मतदाता सूची में नाम जोड़ना-हटाना और सुधार

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 6 जनवरी 2024 को मतदाता सूची प्रारूप का प्रारंभिक प्रकाशन किया है।

इस सूची में जिन मतदाताओं का नाम विलोपित है या सुधार या नाम जुड़वाना है, वो 22 जनवरी 2024 तक करवा सकते हैं। नये मतदाता जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं वो भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इस अवधि में स्कूल, कालेज सहित जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार समस्त मतदान केन्द्रों में दावा आपत्ति की संपूर्ण अवधि में कार्यालयीन समयावधि के दौरान अभिहित अधिकारी को मतदान केन्द्रों में अनिर्वाय रूप से उपस्थित रहने निर्देशित किया है। पुनरीक्षण अवधि में प्राप्त होने वाले फार्म (6,7,8) की जानकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में अथवा बीएलओ को बीएलओ एप में डिजिटाईजेशन के लिए उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है।

नवागढ़ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

■ केंद्र की योजनाओं की हितग्राहियों को दी जानकारी

नवागढ़/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर पंचायत नवागढ़ में बुधवार को बस स्टैंड में किया गया। जिसमें शासकीय योजनाओ की जानकारी विभागवार स्टाल लगाकर दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ वैन का स्वागत कर की गई। अतिथियों के द्वारा भारत माता के चित्र की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा जारी कलेंडर एवं बुकलेट का विमोचन कर नागरिकों में वितरण किया गया। विकसित भारत की कहानी संचालित वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री के रिकार्डिंग सन्देश प्रसारित किया गया।

नगर पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत मिथुन खरे, स्वच्छ भारत मिशन में रोशनी गर्ग, मातृत्व वंदन योजना में चंद्कली साहू, किसान सम्मान योजना में संपत साहू, उज्ज्वला गैस में रूपा जायसवाल आदि लाभार्थियों के द्वारा अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रधानमन्त्री को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। नगर के न्यू गुरुकुल, शिशु मन्दिर तथा गुरुकूल सुकुल पारा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई। साथ ही उपस्थित अतिथियों, किसान, महिला एवं विधार्थियो के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आशाराम ध्रुव उपाध्यक्ष, नैना कुर्रे, हेमंत सोनकर, जाहिद बेग, टिकमपुरी गोस्वामी, रतन दिवाकर, मंजु लता रात्रे, रामनारायण श्रीवास, गोलू सिन्हा, तोरण निषाद, लक्ष्मण साहू, राहुल खुराना, प्रेमू साहू, मिंटू बिसेन, विनोद साहू, आकाश धर दीवान, संतोष देवांगन, सतीश सोनी, वीरेंद्र मसीह, टीआर चौहान सीएमओ, संजय मोटवानी उप अभियंता, मुकेश तिवारी, महितोष शर्मा लेखापाल, श्रीरिश् तिवारी, भीखम् वर्मा, प्रवीण, कुशाल, अरुण, जीतराम दिलीप जायसवाल सहित नगरवासी उपस्थित थे।

स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार के लिए बालोद के 5 नगरीय निकाय चयनित

बालोद/नवप्रदेश। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान की जाने वाली विभिन्न पुरस्कारों के लिए बालोद जिले के 5 नगरीय निकायों के अंतर्गत नगर पालिका बालोद एवं दल्लीराजहरा सहित नगर पंचायत गुण्डरदेही, अर्जुंदा एवं चिखलाकसा का चयन किया गया है। इन सभी चयनित नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को 11 जनवरी को भारत मण्डपम कन्वेंशन सेंटर, आईटीपीओ नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अपने कक्ष में जिले के चयनित 05 नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से भेंट कर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी हैं। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद सुनील अग्रहरि सहित अन्य सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

सुभाषचंद को राजिम भक्तिन माता सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्यआतिथ्य में सुभाषचंद साहू महासचिव तहसील साहू समाज नगरी सिहावा को राजिम भक्तिन माता सम्मान से सम्मानित किया गया। जिस पर प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, महामंत्री दयाराम साहू,जिला अध्यक्ष धमतरी अवनेन्द्र साहू, सहदेव साहू, बृजलाल सार्वा,पेमन साहू, अनराजसाहू , नारद साहू लवकुमार साहू, जयकृष्णा साहू, लेखराम साहू, पदुमलाल साहू, टिकेश्वर साहू, यतेन्द्र साहू,टिकमसाहू,लिलम्बर साहू, प्रदीप साहू एवं सभी स्वजातीय बंधुओं ने शुभकामनाएं दी।

कालेज में मनाया हिंदी दिवस

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में बुधवार 10 जनवरी को प्रभारी प्राचार्य प्रो.मोहित कुमार एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.अंबा षुक्ला के निर्देषन तथा डॉ.गायत्री साहू एवं सुश्री ओमिन निशाद के संयोजन में विष्व हिंदी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया । विषिश्ट अतिथि के रुप में प्रो.कौषल नायक, प्रो.लालमन बेरवंष एवं डॉ.दीपा देवांगन का विषेश योगदान रहा। मंच संचालक के रुप में हिमांषु कोसरे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दीपांषु एवं खिलेष नेताम ने भाशा के महत्व पर प्रकाष डालते हुए अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की। हिंदी विभाग के सभी प्राध्यापकों ने अपनी मौलिक रचना प्रस्तुत कर ज्ञानवर्धन किया।

आपदा पीड़ित 15 परिवारों को 60 लाख की मदद

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदा से मृत 15 लोगों के निकट परिजनों के लिए 60 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 8 जनवरी 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं।

जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में छबिराम पिता संतराम घृतलहरे, निवासी ग्राम गोरदी, तहसील सुहेला,तामेश्वरी वर्मा पति स्व. योगेश वर्मा निवासी ग्राम सकलोर, तहसील सुहेला, पंचवती कुर्रे पति बंसत कुर्रे, निवासी ग्राम हिरमी,तहसील सुहेला, उग्रनीला कुर्रे पति स्व.चंद्रहास कुर्रे, निवासी ग्राम हिरमी, तहसील सुहेला, दुखमबाई रजक पति स्व. तीजउ राम रजक, निवासी ग्राम लोहारी, तहसील सुहेला, सीमा वर्मा पति स्व. तिलक राम वर्मा, निवासी ग्राम सकलोर, तहसील सुहेला, गीताबाई पति स्व. संतोष यादव, निवासी ग्राम कसडोल, तहसील कसडोल, गौरी देवार पति स्व. गोपी देवार, निवासी ग्राम कसडोल, तहसील कसडोल, राजेन्द्र कुमार वर्मा पिता रामलीला वर्मा, निवासी ग्राम बिलारी, तहसील कसडोल, दिनेश ध्रुव पिता फूलसिंग ध्रुव, निवासी ग्राम बिनौरी, तहसील पलारी, धनश्याम पिता ईश्वर धीवर, निवासी ग्राम गिर्रा, तहसील पलारी, सत्यवती साहू पति नेतराम साहू, निवासी ग्राम डमरू, तहसील लवन, शशिबाई पति स्व.राजकुमार यादव, निवासी ग्राम लवन, तहसील लवन, रज्जू पटेल पिता भूरवा पटेल, निवासी ग्राम दरचूरा, तहसील सिमगा एवं ना.बा.सत्यनारायण निषाद पिता ललित निषाद द्वारा वली दादा अघनू राम निषाद पिता बोधीराम निषाद, निवासी ग्राम लिमतरा, तहसील सिमगा शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आग में जलने, आकाशीय बिजली गिरने, कुआं, नाला, तालाब के पानी में डूबने, सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर को कर्मचारी संघ ने 5 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

गरियाबंद/नवप्रदेश। नए कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मुलाकात कर अधिकारी/कर्मचारी फेडरेशन के सदस्यों ने 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा । उनकी मांगों में 5 वर्षो से जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित नहीं किए जाने से कर्मचारी संगठनों में रोष है।

छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में कर्मचारी सदन निर्मित हैं उसी की तर्ज पर गरियाबंद जिले में भी कर्मचारी सदन निर्माण के लिए जमीन आवंटित कराए, डीईओ रमेश निषाद को तत्काल वित्तीय प्रभार सौंपने, लाइवलीहुड कॉलेज में कार्य रत भृत्य आशीष देवांशी का वेतन आहरण और वर्षो से निलंबित लिपिक संतोष कोमर्रा व इदरीश खान को बहाल किया जाना सामिल हैं।

ज्ञापन सौंपने के दौरान डॉक्टर राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर आर.के. तलवरे तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष एम आर खान मनोज खरे बसंत त्रिवेदी पन्नालाल देवबंशी बसंत मिश्रा तेजस शर्मा लखनलाल साहू संजय सिंह अनूप महादिक चंद्रहास श्रीवास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

हिट एंड रन का नया कानून अभी लागू नहीं किसी प्र्रकार के अफवाह में न आएंः कलेक्टर

■ वाहन चालकों को डरने की जरूरत नहीं

■ कलेक्टर-एसपी ने की वाहन चालकों से बात

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। हिट एंड रन मामले पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून को अभी लागू नहीं किया गया है। अभी पुराना कानून ही लागू है। कतिपय स्वार्थी तत्वों के द्वारा फेक लेटर्स के माध्यम से गलत जानकारी देकर ट्रांसपोर्ट संगठनों और वाहन चालकों को बहकाने की सूचना मिली है। जिसकी सूचना मिलते ही आज कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में वाहन चालक संघ, ट्रक ड्राइवर संघ,वाहन मालिक संघ,बस मालिक संघ के प्रतिनिधियों से मिलकर उनके संदेहों को दूर किया। कलेक्टर कुमार कहा वाहन चालकों को स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत जानकारी देकर फैलाए जा रहे अफवाहों से डरने की आवश्यकता नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि नए कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। वाहन चालकों को किसी भी प्रकार के बहकावे में आने और भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में वाहन चालकों को किसी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने वाहन चालकों को किसी भी प्रकार से डरने की आवश्यकता नही है। सभी की सुरक्षा का ख्याल रखा जाएंगे.इसके साथ ही एसपी ने बताया कि साइबर पुलिस द्वारा ऐसे वाट्सअप ग्रुप सहित अन्य सोशल मिडिया में अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नाराजगी रखी जा रही है। इस दौरान ड्राइवर संघ द्वारा विभिन्न3 समस्याओं पर बात रखी गई। जिस पर प्रशासन की ओर से कलेक्टर ने शीघ्र ही निराकरण करने के आश्वासन दिए है। इसके साथ ही ड्राइवर संघ द्वारा प्रशासन को भरोसा दिलाया गया है की किसी भी प्रकार हड़ताल नहीं होगी। इस मौके पर जिला परिवहन अधिकारी भूपेंद्र गावरे, यातायात टीआई कुजूर,वाहन मालिक संघ संजीव सिंह,बस मालिक संघ मानक ठाकुर, अशोक जैन,सुभाष चंद्र सहित बड़ी संख्या में ड्राइवर मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस को पत्र प्रेषित कर स्पष्ट किया है कि भारत सरकार का संबंधित विभाग इस कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करेगी और उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।

53 किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार, कार जब्त

नगरी/नवप्रदेश। मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बुधवार 10 जनवरी को कार से 53 किलो गांजे के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा सभी थाना प्रभारियों को नशे के कारोबारियों, एवं अवैध शराब,गांजा एवं संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग कर वैधानिक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी. नगरी मयंक रणसिंह एवं डीएसपी. नक्स.ऑप्स आर.के.मिश्रा के नेतृत्व में लगातार संदिग्ध वाहनों कि सघन चेकिंग कराई जाकर सतत् नजर रखी जा रही है। इसी तारतम्य में थाना बोराई पुलिस ने बुधवार को मुखबीर से सूचना मिली कि ओडिशा कि ओर से मारुती जेन कार में मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते हुए आ रहे हैं कि सूचना पर बोराई चेक पोस्ट बेरियर में थाना प्रभारी बोराई द्वारा हमराह स्टाफ के बेरियर में पहुंचकर संदेही कार कि चेकिंग कि गई जिसमें मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेहियों से नाम पता पूछा गया जो अपना नाम तोषण विश्वकर्मा उर्फ राजा पिता शारदा प्रसाद विश्वकर्मा (32) साकिन वार्ड नंबर 15 गाजन थाना रामपुर बधेलान जिला सतना और विजय कुमार विश्वकर्मा पिता रामजी विश्वकर्मा (36) साकिन रतहरी थाना सिविल लाईन रीवा जिला रीवा (म0प्र0)होना बताये सिल्वर रंग का मारुती कार जेन एल एक्स क्र.स्क्क20 स्र 2513 पुरानी इस्तेमाली के तलाशी के दौरान संदेहानों द्वारा कार के अंदर बारिकी से चेक किये जाने पर तीन बोरियों में गांजा पाया गया। जिसको उपस्थित गवाहों को तस्दीक कराया गया।

वनडे सीरीजः ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। टीम 17 दिसंबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला खेलेगी, जिसमें कैमरून ग्रीन भी नजर आएंगे। मैट रेन्शॉ को, जिन्हें वार्नर ने अपने संभावित उत्तराधिकारी के रूप में चुना था, टेस्ट खेल चुके सलामी बल्लेबाजों मार्कस हैरिस और कैमरून बैनक्रॉफ्ट के मुकाबले तरजीह देते हुए टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

लेकिन 27 वर्षीय रेन्शॉ को अभी भी प्लेइंग-11 में जगह बनाने के लिए इंतजार करना होगा क्योंकि राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती प्लेइंग-11 में ऑलराउंडर ग्रीन की वापसी की पुष्टि की है। ऑस्ट्रेलिया के चीफ सेलेक्टर जॉर्ज बैली ने कहा, 'कैमरन ग्रीन पहले टेस्ट की प्लेइंग-11 में शामिल रहेंगे। उनके साथ मैट रेन्शॉ और स्कॉट बोलैंड को भी टीम में जगह मिली है। टीम में देश के छह सर्वश्रेष्ठ बैटर्स को चुना गया है इसलिए वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम को कोई परेशानी नहीं होगी।स्कॉट बोलैंड और मैट रेन्शॉ बीबीएल में मेलबर्न स्टार्स (15 जनवरी) और ब्रिस्बेन हीट (13 जनवरी) के लिए खेलने के बाद टीम में शामिल होंगे।वनडे और टेस्ट से रिटायरमेंट ले चुके डेविड वॉर्नर की जगह स्टीव स्मिथ टेस्ट में ओपनिंग करते नजर आएंगे। स्टीव स्मिथ टेस्ट में पहली बार ओपनिंग करेंगे।सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच के समापन पर बोलते हुए स्मिथ ने भूमिका में रुचि दिखाई और ऐसा माना जाता है कि उस्मान ख्वाजा के साथ जुड़ने की उनकी उत्सुकता ने ऑस्ट्रेलियाई चयन पैनल के विचारों को प्रभावित किया है।इस बीच, स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए एक बार फिर कप्तानी करते नजर आएंगे। ट्रैविस हेड उनके डिप्टी के रूप में काम करेंगे।अनकैप्ड तेज गेंदबाज लांस मॉरिस को एरोन हार्डी, मैट शॉर्ट, झाय रिचर्डसन और नाथन एलिस के साथ 13 सदस्यीय टीम में नामित किया गया है।टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ-साथ ऑलराउंडर मार्श को वनडे सीरीज से आराम दिया गया है।

टेस्ट टीमः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, मैट रेन्शॉ, स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क।

वनडे टीमः स्टीव स्मिथ (कप्तान), शॉन एबट, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मौरिस, जाय रिचर्डसन, मैट शॉर्ट और एडम जम्पा।

क्रिकेट मैच के दौरान रन लेते हुए खिलाड़ी को आया हार्ट अटैक, पिच पर तोड़ा दम

नोएडा। एक्सप्रेस-वे कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-135 स्थित ग्राउंड पर क्रिकेट खेल रहे एक इंजीनियर की मौत हो गई। वह जैसे ही रन लेने के लिए दौड़े तो बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा स्वजन को सौंप दिया है। कोतवाली प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि मूलरूप से उत्तराखंड के 36 वर्षीय विकास नोएडा की एक कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। रविवार को वह अपने साथियों के साथ सेक्टर-135 के क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट मैच खेल रहे थे। इसी दौरान रन लेने के लिए भाग रहे विकास अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। साथी खिलाड़ी उन्हें उपचार के लिए जेपी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना स्वजन को दी। खेलते समय विकास की आकस्मिक मौत से उसके स्वजन व साथी हैरान हो गए। मौत का कारण जानने के लिए शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदय गति रुकने से मौत होना बताया गया है। वहीं स्वजन ने पुलिस को बताया कि पूर्व में विकास को कोरोना हुआ था। फिलहाल विकास का शव स्वजन को सौंप दिया है।

पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड के नए बॉलिंग कोच बने आंद्रे एडम्स

क्राइस्टचर्च। पूर्व कीवी ऑलराउंडर आंद्रे एडम्स को घरेलू मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। आंद्रे एडम्स मुख्य कोच गैरी स्टीड टीम के हिस्से के रूप में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए काम करेंगे, जिसमें नियमित बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची भी शामिल हैं।न्यूजीलैंड टीम के साथ आंद्रे एडम्स बुधवार को ऑकलैंड में अपनी पारी की शुरुआत करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड की पांच मैचों की टी20 सीरीज 12 जनवरी से ऑकलैंड में शुरू हो रही है। अंतिम दो टी20 के लिए क्राइस्टचर्च जाने से पहले टीमें दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः हैमिल्टन और डुनेडिन में खेलेंगीं।

हीली, मूनी के अर्धशतक से भारत को 7 विकेट से हराया

नवी मुंबई। डीवाई पाटिल स्टेडियम में सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली और बेथ मूनी की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से आस्ट्रेलियाई महिलाओं ने तीसरे और अंतिम टी-20 मैच में भारतीय महिला टीम को सात विकेट से हरा दिया और 2-1 से सीरीज जीत ली। कप्तान हीली ने 34 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और 38 गेंदों में 55 रन बनाए, जबकि मूनी 45 गेंदों में 52 रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया ने 18.4 ओवरों में 149/3 रन बनाकर भारत को 20 ओवरों में 147/6 पर रोक दिया।

हीली और मूनी ने पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े और पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 54 रन बना लिए। हीली ने चौथे ओवर में तितास साधु की गेंद पर तीन चौके लगाए, रेणुका सिंह की गेंद पर ऑफ-स्टंप के बाहर फुलिश डिलीवरी पर वाइड लॉन्ग-ऑन पर छक्का लगाया और पांचवें ओवर की चार गेंदों में दो चौके लगाए, जिससे आस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही।

हीली, जो जेमिमाह रोड्रिग्स द्वारा ली गई डिपिंग गेंद पर कैच आउट होते-होते बच गईं, कई रीप्ले देखने के बाद टीवी अंपायर ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई पारी में नौ चौके और एकमात्र छक्का लगाया। उन्हें डीआरएस के जरिए आउट करार दिया गया, दीप्ति शर्मा द्वारा ऑफ-स्टंप के बाहर फुल डिलीवरी पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में लेग बिफोर विकेट के रूप में फंसाया गया। जबकि अल्ट्रा एज ने फैसला सुनाया कि गेंद बल्ले से नहीं लगी थी, हॉकआई ने कहा कि गेंद्र मध्य और लेग स्टंप पर जाकर लगी होगी। पूजा वस्त्राकर ने लगातार दो विकेट ताहलिया मैक्ग्रा (20) और एलिसे पेरी (0) लिए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आखिरी दो ओवरों में आठ रनों की जरूरत थी, मूनी ने 19वें ओवर में लगातार गेंदों पर चौके लगाकर ऑस्ट्रेलिया की जीत पक्की कर दी।

भारत की महिलाओं ने तीन मैचों की टी20 सीरीज़ की शुरुआत शुरुआती गेम जीतकर की थी, जबकि मेहमान टीम ने दूसरा गेम जीतकर जोरदार वापसी की। श्रृंखला का भाग्य इस मैच पर निर्भर था और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के साथ खुद को स्थापित किया। शेफाली वर्मा, जिन्होंने 17 गेंदों में छह चौकों की मदद से 26 रनों की पारी खेली, स्मृति मंधाना (29) और ऋचा घोष (24) ने शुरुआत की, लेकिन इसका फायदा उठाने और बड़े स्कोर तक पहुंचने में असफल रहीं, क्योंकि भारत 147/6 का अच्छा स्कोर ही बना सका। उन्होंने चार चौके किम गार्थ की गेंद पर लगाए, जबकि मेगन शुट्ट ने अन्य दो चौके लगाए। भारत ने जेमिमा रोड्रिग्स (2), मंधाना और हरमनप्रीत कौर (3) के तीन विकेट जल्दी खो दिए और 10वें ओवर में भारत का स्कोर 66/4 हो गया। ऋचा घोष ने 28 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 34 रन बनाकर पारी को पुनर्जीवित किया, जबकि अमनजोत कौर ने 14 गेंदों में नाबाद 17 रन बनाए, जिससे भारत 147/6 पर पहुंच गया, जो अंत में अपर्याप्त साबित हुआ, क्योंकि उनके गेंदबाज दर्शकों को परेशान करने में विफल रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहैम ने क्रमशः 12 और 24 रन पर दो-दो विकेट लिए।

श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला खेलेगी अफगानिस्तान

काबुल। अफगानिस्तान फरवरी 2024 में श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला में भाग लेगी। अफगानिस्तान ने 2 फरवरी से 18 मार्च के बीच होने वाली दो अलग-अलग सभी प्रारूप श्रृंखलाओं की घोषणा की है।टीम पहले 2 से 21 फरवरी तक एकमात्र टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।फिर, 28 फरवरी से 18 मार्च तक यूएई में इतने ही मैचों के लिए आयरलैंड की मेजबानी करेगी।अफगानिस्तान का श्रीलंका दौरा 2 से 6 फरवरी तक कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट ग्राउंड में एकमात्र टेस्ट मैच के साथ शुरू होगा। इसके बाद 9,11 और 14 फरवरी को आर. प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। जबकि, कोलंबो में तीन टी20 मैच 17, 19 और 21 फरवरी को दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

बिजनेस

मोदी बोले- भारत 25-वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात समिट के 10वें एडिशन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है। जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब तक हमने भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है।प्रेसिडेंट मोहम्मद बिन जायद कई अन्य वर्ल्ड लीडर्स और इंडस्ट्री लीडर्स के साथ चीफ गेस्ट के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हैं। वहीं मुकेश अंबानी, पंकज पटेल, गौतम अडाणी और लक्ष्मी मित्तल समेत देश-विदेश के दिग्गज कारोबारी समिट में मौजूद हैं। पीएम नरेंद्र मोदी, यूएई के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद, चेक रिपब्लिक के पीएम पीटर फियाला, मोजाम्बिक के प्रेसिडेंट फिलिप न्यूसी, तिमोर लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस होरता, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और गुजरात के गर्वनर आचार्य देवव्रत।

पीएम नरेंद्र मोदी, यूएई के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद, चेक रिपब्लिक के पीएम पीटर फियाला, मोजाम्बिक के प्रेसिडेंट फिलिप न्यूसी, तिमोर लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस होरता, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और गुजरात के गर्वनर आचार्य देवव्रत।

पीएम मोदी ने कहा- इस कार्यक्रम में मेरे भाई, और-श्व के प्रेसिडेंट का होना खुशी की बात है। भारत और-श्व ने अपने रिश्तों को जो नई ऊंचाई दी है, उसका श्रेय मेरे दोस्त और-श्व के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद को जाता है। दोनों देशों के बीच कई बड़े समझौते हुए हैं। पोर्ट डेवलपमेंट के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। भारत की प्राथमिकता फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी है। भारत की प्राथमिकता ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर है। इसकी झलक ट्रेड शो में देख सकते हैं। मेरा आग्रह है सभी लोग ट्रेड शो जरूर देखें। इन सेक्टर्स में इन्वेस्टमेंट के लिए लगातार नए अवसर बन रहे हैं। अगर भारत की ग्रोथ में इतना मोमेंटम दिख रहा है, तो इसकी वजह बीते 10 साल में किए गए इंफ्रास्ट्रक्चर रिफॉर्म पर फोकस है। भारत लॉजिस्टिक्स पर भी तेजी से काम कर रहा है। 10 साल पहले भारत में 74 एयरपोर्ट थे आज भारत में 149 एयरपोर्ट हैं। नेशनल हाईवे नेटवर्क दो गुना और मेट्रो ट्रेन नेटवर्क 3 गुना से ज्यादा बढ़ चुका है। गुजरात हो महाराष्ट्र हो या इस्टर्न कोस्ट लाइन हो इनको आज डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है। रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और स्नु मुकेश अंबानी ने कहा- जब मेरे विदेशी दोस्त मुझसे पूछते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है का मतलब क्या है, तो मैं कहता हूं कि भारत के प्रधानमंत्री एक विजन बनाते हैं और उसे क्रियान्वित करते हैं, वे असंभव को संभव बना देते हैं। मेरे पिता धीरूभाई अंबानी मुझसे कहा करते थे कि गुजरात हमेशा तुम्हारी कर्मभूमि रहेगी। मैं आज दोहराता हूं कि रिलायंस हमेशा गुजरात की कंपनी रहेगी। रिलायंस ने भारत में 12 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसमें से एक तिहाई निवेश गुजरात में किया है।

पंप इनोवेशन में शक्ति पम्पस का 10वां पेटेंट

पीथमपुर। एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी कंपनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को अ सर्फेस हेलिकल पंप कंस्ट्रक्शन विथ कोलिनियर फ्लो÷के आविष्कार के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षों की अवधि के लिए वैध है और यह शक्ति पम्प्स् का दसवां पेटेंट है।

शक्ति पंप्स का यह इनोवेशन आरओ झिल्ली में रुकावट आने पर भी लगातार जल प्रवाह को जारी रखता है, इस इनोवेशन के साथ शक्ति पंप्स की रिसर्च टीम ने सेंट्रीफ्युगल पम्प्स् में अक्सर होने वाली समस्या का समाधान कर दिया है। इसकी बेहतरीन डिजाइन एफिशिएंसी को बढ़ाती है।

अगले साल से मिलने लगेगी फ्लाइंग कार

लास वेगास।साल का सबसे बड़ा टेक इवेंट कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो 2024 का आगाज अमेरिका के लास वेगास में हो गया है। इसमें साउथ कोरियन कंपनी ने दुनिया का पहला ट्रांसपेरेंट टीवी पेश किया। इसके अलावा फ्लाइंग कार और 2 इन 1 लैपटॉप जैसे प्रोडक्ट भी पेश किए गए हैं। 1.30 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। 12 जनवरी तक चलने वाले इस इवेंट में दुनियाभर की 4000 से ज्यादा कंपनियां आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रदर्शन कर रही हैं। साउथ कोरियन कंपनी स्न ने दुनिया का पहला ट्रांसपेरेंट स्मार्ट टीवी पेश किया है। इसमें 77-इंच का एक ग्लास डिस्प्ले है। इससे स्क्रीन पर दिखने वाली इमेजेस हवा में तैरती हुई दिखती हैं। स्न सिग्नेचर ह्स्ष्ठ टीवी इस साल के अंत में ग्लोबल लेवल पर अवेलेबल होगा।

कहना है कि बंद होने पर यह इनविजिबल हो जाता है। टीवी एक जीरो कनेक्ट बॉक्स के साथ आता है, जो टीवी पर वायरलेस टेक्नीक की मदद से डिस्प्ले पैनल पर वीडियो और ऑडियो ट्रांसमिट करता है। सैमसंग ने भी यहां माइक्रो स्ष्ठ-पावर्ड ट्रांसपेरेंट टीवी पेश किया है।

अपनी फ्लाइंग कार को ष्टश्वस् में पेश किया है। इस कार की प्रोग्रेस पर अपडेट शेयर करते हुए कंपनी ने बताया कि यहां पेश की गई कार का 2025 में बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन किया जाएगा। हालांकि, इससे पहले, कंपनी इस साल की चौथी तिमाही से मॉड्यूलरकॉम्बो के लिए प्री-ऑर्डर शुरू करेगी।फुली-इलेक्ट्रिक पायलटेड एयरक्राफ्ट वर्टिकल टेकऑफ/लैंडिंग और कम ऊंचाई वाली उड़ानों में सक्षम है। ये मैनुअल और ऑटोनॉमस फ्लाइट मोड को सपोर्ट करता है। 270ए पैनोरमिक दो-पर्सन कॉकपिट वाइड फील्ड ऑफ व्यू ऑफर करता है। सैमसंग ने फ्यूचरिस्टिक फोल्डेबल फोन प्रदर्शित किया। इसे 'फ्लेक्स इन एंड आउट' कहा जा रहा है। यह नया फोल्डेबल कॉन्सेप्ट डिवाइस आगे और पीछे दोनों तरफ 360 डिग्री तक मुड़ सकता है।

सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दामों में आज यानी, 10 जनवरी को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 168 रुपए सस्ता होकर 62,247 रुपए पर आ गया है। वहीं 18 कैरेट सोने का भाव 46,685 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। चांदी में भी आज गिरावट देखने को मिली है। ये 545 रुपए सस्ती होकर 71,295 रुपए प्रति किलो ग्राम पर आ गई है। इससे पहले ये 71,840 रुपए पर थी। बीते महीने 4 दिसंबर को चांदी 77 हजार के पार पहुंच गई थी। साल 2023 की शुरुआत में सोना 54,867 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 दिसंबर को 63,246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8,379 रुपए (16त्न) की तेजी आई। वहीं चांदी भी 68,092 रुपए से बढ़कर 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अगर आप सोना खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि वो ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (क्चढ्ढस्) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही हो। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड होता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है-ृ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव हो गया है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

अजय देवगन ने मुंबई में रेड 2 की शूटिंग की शुरू

बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म रेड 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। यह फिल्म 2018 की रिलीज रेड का सीक्वल है।एक्टर अगले सीक्वल के लिए निर्देशक राज कुमार गुप्ता के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। फिल्म की शूटिंग शनिवार को मुंबई में शुरू हुई और इसे दिल्ली, मुंबई, यूपी और राजस्थान में शूट किया जाएगा।फिल्म व्यापार विश्लेषक तरण आदर्श ने अपने एक्स पर अपडेट साझा कियाः अजय देवगन रेड 2 की शूटिंग आज से शुरू कर रहे हैं... 15 नवंबर 2024 को फिल्म रिलीज होगी... आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक वापस आ गए हैं... अजय देवगन रेड (2018) के अगले सीक्वल रेड-2 के लिए निर्देशक राजकुमार गुप्ता के साथ फिर से जुड़े हैं।उन्होंने आगे लिखाः फिल्म की शूटिंग आज मुंबई में शुरू हो रही है और इसे बड़े पैमाने पर मुंबई, दिल्ली, यूपी और राजस्थान में शूट किया जाएगा। रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार कर रहे हैं।

फिल्म सिनेमाघरों में 15 नवंबर 2024 को रिलीज होगी।एक्टर अगले सीक्वल में आईआरएस आयकर उपायुक्त अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराते हुए दिखाई देंगे।रेड 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह पर आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई वास्तविक आयकर छापेमारी पर आधारित है, जिसने 3 दिन और 2 रातों तक चलने वाली भारतीय इतिहास की सबसे लंबी छापेमारी के रूप में खुद को दूसरों से अलग किया।

मैं मॉर्फिंग, डीपफेक वीडियो के बारे में जागरूकता फैलाने में विश्वास करती हूं : आराधना शर्मा

अभिनेत्री आराधना शर्मा, जो आगामी वेब सीरीज वीडियो कैम स्कैम का हिस्सा हैं, ने बताया कि किस चीज ने उन्हें इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए आकर्षित किया, और बताया कि कैसे वह बढ़ती जागरूकता के बारे में जागरूकता फैलाने में विश्वास करती हैं। मॉर्फिंग और डीपफेक वीडियो जैसे चलन, जो लोगों को मानसिक और आर्थिक रूप से काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

आराधना ने सीरीज़ के बारे में बात करते हुए साझा किया कि शीर्षक आपको संकेत देता है कि इसमें वीडियो, एक कैमरा और एक घोटाले की कहानी शामिल है।वह कहती हैं, हालांकि, घोटाला सिर्फ वित्तीय नहीं है; यह आपके मूल्यों, नैतिकता और व्यक्तिगत अखंडता का शोषण करके आपको भावनात्मक रूप से भी निशाना बनाता है। यह मौजूदा एआई तकनीक द्वारा संचालित कैमरों और उन्नत वीडियो तकनीकों के उपयोग के जरिए किया जाता है। संक्षेप में, यह एक ऐसा कथानक है जो न केवल आपकी वित्तीय भलाई, बल्कि आपके भावनात्मक और नैतिक मूल्यों में भी हेरफेर करता है।बरसातें की अभिनेत्री ने शो के लिए हां कहने के पीछे की वजह के बारे में कहा, वास्तव में, जिस चीज ने मुझे इस प्रोजेक्ट की ओर आकर्षित किया, वह यह है कि एक अभिनेत्री के रूप में मेरी भूमिका सिर्फ प्रदर्शन से परे है, यह जागरूकता बढ़ाने के बारे में है। मैं मॉर्फिंग और डीपफेक वीडियो जैसे बढ़ते रुझानों के बारे में जागरूकता फैलाने में विश्वास करती हूं, जो लोगों को मानसिक और आर्थिक रूप से काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं।आराधना ने इसे एक सार्थक एजेंडे में योगदान करने के अवसर के रूप में देखा और इन मुद्दों को संबोधित करने वाली परियोजना का हिस्सा बनने में उद्देश्य की भावना महसूस की।लोकप्रिय सिटकॉम तारक मेहता का उल्टा चश्मा का हिस्सा रह चुकीं दिवा ने अपने किरदार के बारे में विस्तार से बात करते हुए कहा कि वह एक अनैतिक हैकर है, जैसा आपने फिल्मों में देखा होगा, जो केवल पैसे के लिए प्यार से प्रेरित है।उन्होंने कहा, वह दौलत की भूखी एक कॉलेज ड्रॉपआउट है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य बीमा निगम हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

■ मूलभूत सुविधाओं के लिए एस्टीमेट तैयार करने के दिए निर्देश

रायगढ़/नवप्रदेश। वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ जिले के ग्राम परसदा स्थित 100 बिस्तर वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम हॉस्पिटल के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने हॉस्पिटल को प्रारंभ करने मूलभूत सुविधाएं का जायजा लेते हुए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्लूडी) के अधिकारी को एस्टीमेट बनाने की निर्देश दिए, ताकि हॉस्पिटल संचालन का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। मौके पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, एसएसपी सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव उपस्थित थे। वित्त मंत्री चौधरी को सीपीडब्ल्यूडी के इंजीनियर ने बताया कि पेयजल हेतु पानी उपलब्ध है लेकिन इसके अलावा हॉस्पिटल में और भी पानी की आवश्यकता होगी। जिस पर वित्त मंत्री ने कलेक्टर को अस्पताल में जल आपूर्ति हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने हॉस्पिटल में संसाधनों की जानकारी लेने पर अस्सिटेंट इंजीनियर सीपीडब्ल्यूडी ने फर्नीचर, ऑपरेशन थियेटर, गैस पाइप लाइन जैसे विभिन्न संसाधनों की आवश्यकता की जानकारी दी।

प्रपोजल बनाने के दिए निर्देश

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने मेडिकल संसाधनों के लिए प्रपोजल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने हॉस्पिटल के लिए सेटअप अनुसार मानव संसाधन के मांग पत्र की स्थिति की जानकारी लेने के निर्देश दिए। जिससे अस्पताल के निर्माण कार्य की पूर्णता के पश्चात संचालन शीघ्र शुरू किया जा सके।

हॉस्पिटल परिसर में वृक्षारोपण का फरमान

निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हॉस्पिटल परिसर को हरा-भरा करने हेतु वृक्षारोपण के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग को पौधों के चयन में विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। विद्युत व्यवस्था के संबंध में बताया गया कि हॉस्पिटल में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं, साथ ही हॉस्पिटल के डिमांड के हिसाब से जेनसेट भी लगाया गया है। उन्होंने इसके साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की भी जानकारी ली।

3800 पैकेट अवैध धान जिला प्रशासन ने किया जप्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 नवंबर 2023 से लगातार की जा रही है। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने गत दिवस अधिकारियों की बैठक लेकर धान उपार्जन अवधि के दौरान ओड़िशा प्रांत से जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय के लिए आने वाले धान की रोकथाम एवं कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गये हैं। एसडीएम देवभोग सुश्री अर्पिता पाठक ने बताया कि विगत 3 दिनों में तीन गाड़ियां सहित लगभग 200 पैकेट धान जप्त किया गया है। इनमें दो पिकअप एवं एक ट्रैक्टर शामिल है। उन्होंने बताया कि देवभोग अनुभाग में धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण करने पर अब तक लगभग 3800 पैकेट धान एवं 15 वाहन जप्त कर कार्यवाही की गई है। साथ ही चेकपोस्ट पर चौबीस घंटे ड्यूटी पर लगे अधिकारी-कर्मचारियों की टीम द्वारा वाहनों की सतत् जांच की जा रही है। जिसके मद्देनजर अवैध धान के परिवहन एवं भण्डारण में कमी आई है। उन्होंने बताया कि देवभोग अनुभाग में ओडिशा सीमा पर 15 चेकपोस्ट बनाया गया है। इनमें कैटपदर, धूपकोट, नागलदेही,खुटगांव, सागौनभाड़ी, खोकसरा, झिरीपानी, केन्दुबन, कोदोभांठा, उसरीपानी, बरही, अमाड़ मगररोड़ा, पोटापारा एवं ठीरलीगुड़ा शामिल है। जिला प्रशासन द्वारा अन्य प्रांत से आने वाले अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

लूटेरी लड़कियां मालकिन का घर साफ कर भागते हुए शहर में ही पकड़ी गई

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ में सूर्या विहार कालोनी से तीन लड़कियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। लड़कियों ने पहले मकान मालकिन के हाथ-पैर को रस्सी से बांधा फिर घर में रखे ज्वेलरी और कैश लेकर रफूचक्कर हो गयी थी। इस मामले में पुलिस ने तीनों लड़कियों को गिरफ्तार कर लिया है। रायगढ़ स्टेशन चौक स्थित शिवम होटल के पास से तीनों लड़कियों को हिरासत में ले लिया गया है। चक्रधर नगर पुलिस और साइबर सेल की टीम तीनों लड़कियों से पूछताछ कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, तीन दिन पहले ही इन लड़कियों को काम पर रखा गया था। जिसके बाद उन्होंने मौके का फायदा उठाते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया । सीसीटीवी में तीन लड़कियों में से दो लड़कियां जींस पैंट और वाइट टी शर्ट पहने हुए दिखाई दे रही थी। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और काफी खोजबीन के बाद तीनों लड़कियों को गिरफ्तार कर लिया है। लड़कियों के पास से पुलिस ने ज्वेलरी और केश भी बरामद किया हैं।

प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा इन दिनों पुलिस महकमे से खासे नाराज चल रहे हैं। वजह नशे के खिलाफ कार्रवाई में ढिलाई बरतना बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक मंगलवार की शाम श्री शर्मा ने डीजीपी अशोक जुनेजा से फोन पर बात कर नशे के खिलाफ कार्रवाई ना होते दिखने पर नाराजगी जताई। पिछले सप्ताह ही क्राइम कंट्रोल पर अपनी प्लानिंग बताते हुए श्री शर्मा ने सूखे नशे को बढ़ते क्राइम की जड़ बताया था। उन्होंने नशे के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के निर्देश भी पुलिस को दिए थे। लेकिन कई दिन बाद भी नशे के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई ना होता देख उन्होंने मंगलवार की शाम डीजीपी को फोन किया।

एसपी, आईजी को देर रात मिला संदेश

बताया जा रहा है कि, गृह मंत्री के फोन के बाद पीएचक्यू में हरकत तेज हो गई है। तुरंत एसपी, आईजी के व्हाट्सएप ग्रुपों में इमरजेंसी मीटिंग का मैसेज डाला गया। एसपी, आईजी को दो लाइन के संदेश में कहा गया...10 जनवरी को दोपहर 12 बजे डीजीपी साहब नशे पर कार्रवाई के संबंध में चर्चा करेंगे। तैयारी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में कनेक्ट हों।

एसपी दफ्तरों में चल रही तैयारियां

पीएचक्यू से मिले सख्त संदेश के बाद हड़कंप मच गया। कई जिलों में आधी रात को एसपी आफिस खुलवाया गया, सारे अधिकारियों को तलब कर कार्रवाई की जानकारी ली गई। आज सुबह से ही एसपी कार्यालयों में आंकड़े तैयार किए जा रहे हैं।

22 को मनेगा भव्य दीपोत्सव, एक लाख दीपों से जगमग होगा त्रिवेणी संगम

राजिम/नवप्रदेश। वर्षों के संघर्ष के बाद 22 जनवरी को श्री राम अपनी जन्मभूमि अयोध्या में विराजमान होंगे। यह ऐतिहासिक क्षण होगा। इसके लिए शासन-प्रशासन समेत रामभक्तों की ओर से देशभर में उत्सव की तैयारियां की जा रही है। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों से 22 जनवरी को दीप जलाकर दिपावली सा उत्सव मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में श्री राम की पूजा-अर्चना कर दीपोत्सव मनाएं।

महानदी तट पर होंगे एक लाख दीप प्रज्जवलित

मोदी के इस अपील का असर देशभर में देखने को मिल रहा है। वहीं राजिम में 22 जनवरी को महानदी किनारे 1 लाख दीप प्रज्जवलित कर खुशियां मनाई जाएगी। इसमें धार्मिक संस्थाओं के अलावा सारे समाज का योगदान

रहेगा। इसकी तैयारी के लिए राज्य के कद्दावर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर पूर्व ओएसडी गिरीश बिस्सा मंगलवार की सुबह राजिम पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले नवापारा के किनारे नेहरू घाट का अवलोकन किया। फिर पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल से होकर राजिम के महोत्सव स्थल पहुंचकर महानदी की स्थिति का अवलोकन किया। श्री बिस्सा ने अफसरों से चर्चा करते हुए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के मंशा से उन्हें अवगत कराया।

पूर्व ओ.एस.डी गिरीश बिस्सा ने आयोजन स्थल का किया निरीक्षण

पूर्व ओ.एस.डी गिरीश बिस्सा ने बताया कि उन्होंने धर्मस्व, संस्कृति, पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर राजिम पहुंचकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया है। अफसरों को निर्देश दिया गया है कि, यह कार्यक्रम शासन के मंशा के अनुरूप बेहतर हो। बताया कि, अधिकारियों के साथ उन्होंने त्रिवेणी संगम क्षेत्र महानदी और पैरी नदी के तट किनारों का निरीक्षण किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अवध के राम का बस्तर से गहरा नाता, वन गमन के दौरान रामाराम इंजरम पहुंचे थे प्रभु श्रीराम

बस्तर/नवप्रदेश। भगवान श्रीराम अपने 14 साल के वनवास काल के लिए अयोध्या से निकले तो माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ कई अलग स्थानों पर गए. इनमें एक स्थान छत्तीसगढ़ भी है। जहां श्री राम सबसे ज्यादा समय तक रुके थे। श्रीराम के वन पथ गमन को लेकर कई किवदंतियां जुड़ी हुई है. माना यह भी जाता है कि भगवान श्रीराम ने वनवास के दौरान सबसे ज्यादा समय दंडकारण्य में बिताया था। यह दंडकारण्य का जंगल बस्तर संभाग के अलग अलग जिलों में मौजूद है। यहां कई ऐसे स्थान हैं जहां भगवान श्रीराम के पहुंचने के बाद इलाके में राम के नाम से गांव भी बस गए। इनमें सुकमा जिले का रामाराम और इंजरम है।

इंजरम में प्रभु श्री राम ने की थी शिवलिंग की स्थापना

रामाराम से 70 किलोमीटर दूर इंजरम है। जहां प्रभु राम ने शिवलिंग की स्थापना कर महाकाल की आराधना की। आज भी इंजरम में वनवास काल के दौरान की गणेश की मूर्ति, नंदी और अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों के साथ श्रीराम के पद चिन्ह भी मौजूद है। भगवान राम वनवास काल के दौरान रामाराम पहुंचे थे। यहां भू-देवी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और आगे की ओर बढ़ते हुए इंजरम पहुंचे।

रामाराम में भगवान राम ने की थी चिटमिट्टिन देवी की पूजा

वन गमन के दौरान भगवान राम सुकमा जिले के रामाराम पहुंचे थे। रामाराम मंदिर जिला मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर स्थित है। रामाराम में उन्होंने देवी चिटमिट्टिन की पूजा अर्चना की थी। रामाराम में देवी चिटमिट्टिन का मंदिर आज भी मौजूद है। इस क्षेत्र को राम वन पथ गमन से जोड़कर मंदिर के नजदीक द रॉक गार्डन बनाया गया है। जिसे देखने दूर दूर से पर्यटक यहां पहुंचते हैं। इस रॉक गार्डन में अलग अलग कलाकृतियां बनाई गई है। साथ ही एक गुफा का भी निर्माण किया गया है। जिसमें भगवान श्रीराम से जुड़ी चीजों को तस्वीरों के माध्यम से संजोया गया है।

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए बैकुंठपुर नपा को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिले खासकर बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद के लिए 11 जनवरी 2024 एक यादगार तिथि साबित हो सकती है। नगर पालिका, परिषद बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष वारे ने जानकारी दी है कि नई दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के नतीजे घोषित होने साथ ही देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामय उपस्थिति में उक्त सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय-निकायों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बता दें स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पालिका बैकुण्ठपुर ने बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसके लिए उक्त समारोह में आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष वारे दिल्ली रवाना हुए हैं। उक्त सर्वेक्षण में नगर पालिका परिषद, बैकुंठपुर को ओडीएफ प्लस-प्लस होने के साथ ही जीएफसी में एक स्टार रेटिंग हासिल करने में कामयाब हुए हैं।

अवैध परिवहन को रोकने अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने धान खरीदी 2023-24 को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अन्य राज्यों से धान की अवैध परिवहन को रोकने एवं धान खरीदी के कार्य के सफल संचालन हेतु निर्धारित स्थानों में बेरियर प्रभारी नियुक्त कर आने-जाने वाले वाहनों की सतत निगरानी करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही कलेक्टर ने बताया कि आगामी माह में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु आदर्श आचार संहिता की घोषणा किया जाना प्रस्तावित है।

किसानों को जल्द मिलेगी अंतर की एकमुश्त राशि

रायपुर/नवप्रदेश। कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बड़ा ऐलान किया है। सीएम ने कहा है कि प्रदेश के किसानों को जल्द अंतर की राशि एकमुश्त मिलेगी। वहीं उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना शुरू करने बजट में प्रावधान भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार बने ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, लेकिन हमने कई महत्वपूर्ण निर्णय ले लिए हैं। 13 तारीख को शपथ लेने के दूसरे ही दिन 14 दिसंबर को हमने 18 लाख आवासहीन परिवारों के हित में निर्णय लिया। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के दिन हमने 12 लाख से ज्यादा किसानों को 3700 करोड़ रुपए से ज्यादा का बोनस जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के युवाओं से वादा किया था कि पीएससी घोटाले की

जांच होगी, दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा। हमने दूसरे कैबिनेट बैठक में ही पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच का निर्णय लिया। महतारी वंदन के लिए हमने तीन दिवसीय विधानसभा के सत्र में बजट की व्यवस्था कर ली है, अब जल्द ही विवाहित माताओं-बहनों को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए आर्थिक सहायता देंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम जल्द ही छत्तीसगढ़ से अयोध्याराम जन्मभूमि में दर्शन यात्रा प्रारंभ करेंगे। आने वाला चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का चुनाव है। हमें छत्तीसगढ़ से उन्हें 11 सीटें जीतकर उपहार स्वरूप 11 कमल दिल्ली भेजना है। कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि पांच साल बाद हमारे अच्छे दिन आए हैं और अच्छे दिन आप सब कार्यकर्ताओं के दम पर आए हैं। अच्छे दिन आपके परिश्रम, त्याग, तपस्या से आये हैं, इसका पूरा श्रेय आप सभी कार्यकर्ताओं को है। अब तो हमारे घर में रामलला भी आ रहे हैं, तीर-धनुष लेकर अन्यायियों, आततायियों का नाश करने आ रहे हैं। अब हमें लोकसभा में मोदी की गारंटी को घर-घर पहुंचाना है

दुर्ग से रामलला दर्शन करने के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस बलरामपुर में दुर्घटनाग्रस्त

बलरामपुर/नवप्रदेश। दुर्ग से अयोध्या जा रही बस सुबह बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में दुर्घटना का शिकार हो गई। इस सड़क हादसे में 15 तीर्थयात्री घायल हुए हैं। कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घायलों को वाड्रफनगर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। .

अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे तीर्थयात्रीः इस समय देश में अयोध्या दर्शन करने की होड़ लगी हुई है। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही लोग अयोध्या पहुंचने लगे हैं। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से

मंगलम टूर एंड ट्रेवल्स की बस तीर्थयात्रियों को लेकर अयोध्या और वाराणसी में दर्शन करने के लिए जा रही थी। तभी अचानक खरहरा नदी के मोड़ पर तीर्थयात्रियों से भरी हुई बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के दौरान बस में करीब 42 तीर्थ यात्री सवार थे। इनमें 15 तीर्थयात्रियों को चोटें आई हैं। घायलों का इलाज वाड्रफनगर सिविल अस्पताल में चल रहा है।

कोहरे के कारण हो रहे हादस

कई इलाकों में पिछले दिनों बारिश हुई। जिसके बाद इन क्षेत्रों में घना कोहरा छाने लगा है। विजिबिलिटी काफी कम होने के कारण गाड़ी चलाने वालों को काफी दिक्कत हो रही है। इस वजह से बस पलटने की आशंका जताई जा रही है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत दूसरे की हालत गंभीर

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले में सड़क हादसों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रोजाना होने वाले हादसों में बेवजह ही लोग काल के गाल में समा रहे हैं। उरगा थाना क्षेत्र के तहत ग्राम कनबेरी के पास खैरभावना स्कूल के पास बीती रात जबरदस्त हादसा हो गया। दो बाइकों के बीच आमने-समने हुई भिडंत में एक युवक की जहां मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों के माध्यम से पुलिस तक सूचना पहुंची। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक 30 वर्षीय रामा मरकाम और उसका दोस्त दोनों पाली चैतना के रहने वाले हैं दोनों दोस्त हैं और कनबेरी के निजी पावर प्लांट में काम करते हैं चुकी गांव दूर होने के कारण दोनों वहीं रहते हैं बीच-बीच में छुट्टी होने पर दोनों दोस्त अपने गांव घूमने जाया करते थे। मंगलवार की रात दोनों किसी काम से घूमने निकले थे तभी हादसा हो गया। स्थानीय लोगों की माने तो पैंटोरा से कोरबा की तरफ एक बाइक जा रही थी वहीं दूसरी बाइक तरदा से कनबेरी की तरफ आ रही थी। इसी दौरान दोनों बाइक में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई और एक बाइक पर दो लोग सवार थे जहां बाइक चला रहे रामा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।